नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, रविवार 25 जुलाई 2021, शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-165 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

किसी भी राजनीतिक पार्टी का आलाकमान सर्वशक्तिमान होता है। यदि आलाकमान मेहरबान हो जाता है तो पिद्दी से पिद्दी व्यक्ति भी पहलवान बन जाता है। यही वजह है कि राजनीति में तरक्की करने के लिए सयाने लोग पराक्रम दिखाने की जगह परिक्रमा करने पर जोर देते है और सफल होते है। पंजाब के सीएम अमरिंदर सिंह के भारी विरोध के बाद भी नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बन गए। सिद्धू ने कैप्टन साहब को साफ संदेश दे दिया कि मान न मान मै बन गया प्रधान। देखना दिलचस्प होगा कि सिद्धू किसके खिलाफ चौके छक्के जड़ते है?

सरकार की योजनाओं से बेखबर 35 आदिवासी परिवार

वर्षों से झिरिया का पानी निकाल कर ग्रामीण पीने को मजबुर प्रशासन बेखर

टेकलाल प्रधान

देवभोग/नवप्रदेश। कुहिमाल जंगल के बीचो बीच कुसेरसेल पारा के 35 परिवार के करीब 80 लोग आज भी बिजली-सड़क-पानी स्वास्थ्य राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं के लिए तरस रहे हैं। मतलब यहां के निवासी लोकसभा और विधानसभा पंचायती चुनाव में हिस्सेदारी निभाने के बाद भी सरकार की योजनाओं से वंचित है सबसे ज्यादा पानी के लिए कूसेर सेल पारा के लोग तरस रहे हैं। क्योंकि एक छोटा गड्ढा खोदा गया है। जहां पानी की जमावट होती है। और वही पानी को निकालकर ग्रामीण पीने एवं खाना पकाने मैं इस्तेमाल करते हैं। जबकि गर्मी के दिनों यहां के रहवासी बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज दिखाई पड़ते हैं। क्योंकि खोदी गई गड्ढा के अलावा ग्रामीणों के समक्ष दूसरा कोई विकल्प ही नहीं है।

आवागमन के लिए अस्थाई सड़क: शासन प्रशासन के लिए शर्मिंदगी की बात तो यह है की यहां के निवासियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अधिकारियों ने दिया सिर्फ एक सोलर लाईट

इस बीच अधिकारियों ने गांव में सिर्फएक एक नग सोलर लाइट देकर विकास का दावा कर रहे हैं। जबकि गांव में सबसे ज्यादा दयनीय स्थिति तो बिना राशन कार्ड वाले परिवारों का है। क्योंकि कूसेलपारा के 35 में से सिर्फ12 परिवार को ही राशन कार्ड मिल पाया है। बाकी परिवार महंगे दाम पर चावल शक्कर खरीद कर जीवन यापन करने को मजबूर हैं। हालांकि राशन कार्ड के लिए पंचायत में कागजी प्रक्रिया पूरा कर खाद्य विभाग को भेज दिया है। लेकिन राशन कार्ड अब तक नहीं बन पाया है। जिसकी पीड़ा सचिव सरपंच को बताने के अलावा ग्रामीणों के समक्ष दूसरा विकल्प नजर नहीं आता।

शिक्षा से कोसो दूर

इसके साथ बच्चों के लिए पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते 3 से 12 वर्ष के बालक बालिका भेड़ बकरी चराने को मजबूर है । जबकि इस गांव में 12 से अधिक ऐसे बच्चे हैं जो पढ़ाई कि मुख्यधारा से जूड़ने की इच्छा रखते हैं। लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति और गांव से स्कूल की दूरी को देख अपनी इच्छाओं को धीरे धीरे समाप्त करने के लिए मजबुर हैं।

जासूसी विवाद के बीच पेगासस बनाने वाली कंपनी ने कहा-

टेक्नोलॉजी की वजह से लाखों सुरक्षित, सो पाते हैं चैन की नींद

यरुशलम/ए.। निगरानी सॉफ्टवेयर पेगासस को लेकर विवादों के बीच इजराइल की साइबर सुरक्षा कंपनी एनएसओ ग्रुप ने अपना बचाव करते हुए दावा किया है कि खुफिया और कानून लागू करने वाली एजेंसियों को टेक्नॉलजी उपलब्ध कराने के कारण दुनिया में लाखों लोग रात में चैन की नींद सो पाते हैं और सुरक्षित हैं। कंपनी ने यह भी कहा कि वह टेक्नॉलजी ऑपरेट नहीं करती है और न ही उसके पास अपने ग्राहकों द्वारा एकत्र किए गए डेटा तक पहुंच है। भारत समेत कई देशों में पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, नेताओं और अन्य लोगों की पेगासस से जासूसी को लेकर आई रिपोर्ट ने विवाद पैदा किया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया संघ के मुताबिक इजराइली कंपनी द्वारा विभिन्न सरकारों को बेचे गए स्पाईवेयर के जरिए नेताओं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और पत्रकारों समेत अन्य लोगों को निशाना बनाया गया।

अपराध और आतंकवादी घटनाओं को रोकती है: एनएसओ के एक प्रवक्ता ने दावा किया, ''पेगासस और ऐसी अन्य तकनीक के कारण ही दुनिया में लाखों लोग रात को चैन की नींद सो पाते हैं और सड़कों पर सुरक्षित निकल पाते हैं। इस तरह की प्रौद्योगिकी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एनएसओ मुहैया कराती है सरकारों को साइबर सुरक्षा

कंपनी ने कहा 'दुनिया में कई अन्य साइबर खुफिया कंपनियों के साथ एनएसओ सरकारों को साइबर सुरक्षा उपकरण मुहैया कराती है क्योंकि कानून लागू करने वाली एजेंसियों के पास पुख्ता प्रणाली नहीं होती और मैसेजिंग और सोशल मीडिया पर संदिग्ध विषयवस्तु की निगरानी के लिए नियामकीय समाधान नहीं हैं।'' दुनियाभर में जारी इस जासूसी सॉफ्टवेयर पर विवाद पर प्रवक्ता ने कहा, ''एनएसओ तकनीक का संचालन नहीं करती है और न ही हमारे पास एकत्र किए गए डेटा को देखने की सुविधा है। उन्होंने कहा, ''हम एक सुरक्षित दुनिया बनाने में मदद करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।''

गंभीर अपराध और आतंकवाद रोकने हो रहा उपयोग

सॉफ्टवेयर के दुरुपयोग को लेकर पहली बार भारत में यह मुद्दा सामने आने पर एनएसओ ने अक्टूबर 2019 में एक लिखित जवाब में कहा था कि ''अनुबंध के तहत गंभीर अपराध और आतंकवाद को रोकने के सिवा किसी अन्य मामले में हमारे उत्पाद के इस्तेमाल पर निषेध है। यदि हमें (सॉफ्टवेयर के) किसी दुरुपयोग का पता चलता है तो हम कार्रवाई करते हैं। यह तकनीक मानव अधिकारों की सुरक्षा में निहित है। इसमें जीवन का अधिकार, सुरक्षा और अखंडता शामिल है। हमने व्यापार और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों को मानने की मांग की है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे उत्पाद सभी मौलिक मानवाधिकारों का सम्मान करे। कंपनी ने कहा कि यह रुख आज भी बरकरार है।'

जासूसी कांड पर राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा में शुक्रवार को पत्रकारों और वरिष्ठ नेताओं की कथित जासूसी के मामले को लेकर विपक्ष ने भारी हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही तीन स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। भोजन अवकाश के बाद पीठासीन अधिकारी भुवनेश्वर कलिता ने सदन की कार्रवाई चलाने का प्रयास किया तो सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे खड़े हो गए और उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पत्रकारों और राजनेताओं की जासूसी की जा रही है। श्री कलिता ने उन्हें रोकते हुए कहा कि इस मुद्दे पर मंत्री का बयान हो चुका है और इस पर चर्चा नहीं हो सकती। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने भी इस पर एतराज जताया और कहा कि इस मामले का निपटारा हो चुका है। इसके बाद विपक्ष के सदस्य नारेबाजी करने लगे और शोर-शराबा करते हुए अपनी सीटों पर खड़े हो गए। श्री कलिता ने सदस्यों से शांत होने और सदन चलने देने की अपील की इसका असर नहीं होते देख उन्होंने सदन की कार्यवाही दो बजकर 32 मिनट पर सोमवार तक स्थगित करने की घोषणा कर दी।

21 सालों का सूखा 30 सेकंड में खत्म

ये तस्वीरें बयां कर रही हैं मीराबाई चानू की खुशी

तोक्यो। ओलंपिक की भारोत्तोलन स्पर्धा में पदक के लिये भारत का 21 वर्ष का इंतजार खत्म करने वाली मीराबाई चानू ने 49 किलो वर्ग में रजत पदक जीता तो उनकी विजयी मुस्कान ने उन सभी आंसुओं की भरपाई कर दी जो पांच साल पहले रियो में नाकामी के बाद उनकी आंखों से बहे थे ।

5 सालों का सपना पूरा हुआ- चानू: करियर की इस शानदार जीत के बाद चानू ने पत्रकारों से कहा, 'मैं बहुत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

5 साल पहले मंजर कुछ बदला सा था...

पांच साल पहले खेलों के महासमर में निराशाजनक पदार्पण के बाद इसी मंच से वह रोती हुई गयी थीं। उनकी इस ऐतिहासिक जीत से भारत पदक तालिका में अभी दूसरे स्थान पर पहुंच गया, देश ने यह उपलब्धि पहले कभी हासिल नहीं की थी।

मीराबाई चानू ने किया था शानदार प्रदर्शन

मणिपुर की 26 साल की भारोत्तोलक ने कुल 202 किग्रा (87 किग्रा + 115 किग्रा) से कर्णम मल्लेश्वरी के 2000 सिडनी ओलंपिक में कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन किया। इससे उन्होंने 2016 में रियो ओलंपिक के खराब प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया जिसमें वह एक भी वैध वजन नहीं उठा सकी थीं।

खास-खबर

बांदीपोरा मुठभेड़: दो आतंकवादी मारे गये, तीन जवान घायल

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार को हुई मुठभेड़ के दौरान दो अज्ञात आतंकवादी मारे गये और सुरक्षा बल के तीन जवान घायल हो गये। पुलिस प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद राष्ट्रीय राइफल्स जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने बांदीपोरा के शोकबाबा वन क्षेत्र में संयुक्त रूप से घेराबंदी एवं तलाश अभियान शुरू किया।

हाईकोर्ट ने केन्द्र, दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने वित्तीय सहायता और चिकित्सा उपचार की मांग करने वाली वरिष्ठ अधिवक्ता की ओर से दायर याचिका पर केन्द्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

इरोटिका, पोर्न नहीं है, मेरे पति बेकसूर हैं : शिल्पा शेट्टी



मुंबई। पोर्नोग्राफी का आरोप लगने के बाद राज कुंद्रा पर मुश्किलों का पहाड़ टूट पड़ा है। राज कुंद्रा अभी मुंबई पुलिस की रिमांड पर चल रहे हैं। इस संकट की घड़ी में राज कुंद्रा की पत्नी और अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने उनका समर्थन किया है। मुंबई पुलिस के सूत्रों के मुताबिक शिल्पा ने कहा है कि उन्हें हॉटशॉट्स की सटीक सामग्री के बारे में पता नहीं था। उन्होंने दावा किया कि हॉटशॉट्स से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने उल्लेख किया कि इरोटिका पोर्न से अलग है और उनके पति राज कुंद्रा पोर्न सामग्री के निर्माण में शामिल नहीं थे। शिल्पा शेट्टी ने आगे कहा कि यह लंदन स्थित वांछित आरोपी और राज कुंद्रा के बहनोई प्रदीप बख्शी थे जो ऐप और इसके कामकाज से जुड़े थे। शिल्पा ने दावा किया कि उनके पति निर्दोष हैं। बता दें कि पति पर पोर्नोग्राफी के आरोप लगने के बाद शिल्पा शेट्टी भी अलग-थलग दिखाई दे रही थीं। वे टीवी शो की शूटिंग पर भी नहीं जा रही हैं। इतना ही नहीं शिल्पा ने सोशल मीडिया पर भी अपनी गतिविधियों को कम कर दिया है।

विधानसभा घेरने भाजपा ने बनाई रणनीति

अंदर विधायक व सड़कों पर कार्यकर्ता घेरेंगे सरकार को : बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में किसानों को सरकार से न्याय नहीं मिलता देख अब भाजपा मानसून सत्र के पहले दिन ही विधानसभा को घेरने रणनीति बनाई है। भाजपा रायपुर जिला द्वारा 26 जुलाई को किसान मोर्चा के होने वाले प्रदर्शन के मद्देनजर एक आवश्यक बैठक शनिवार को एकात्म परिसर में आहूत की गई थी।

बैठक में पहुंचे पूर्व मंत्री व विधायक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुनिया की भाजपा को नसीहत



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया शनिवार को छत्तीसगढ़ के दौरे पर रायपुर पहुंचे। पुनिया ने एयरपोर्ट पर ही मीडिया से चर्चा के दौरान भाजपा किसान आंदोलन पर पलटवार किया। उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि भाजपा पहले अपने घोषणा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सिलेंडर ब्लास्ट में चार बच्चों समेत 9 लोगों की मौत

अहमदाबाद। गुजरात में अहमदाबाद शहर में दर्दनाक घटना सामने आई है। शहर के बाहरी इलाके में एक कमरे में रखे एलपीजी सिलेंडर से गैस रिसाव के बाद लगी आग से विस्फोट हो गया। इस हादसे में कुल नौ लोगों की झुलसकर मौत हो गई। मरने वालों में चार बच्चे शामिल हैं। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यह घटना 20 जुलाई की रात की है। मरने वालों में मजदूर और उनके परिवार के सदस्य हैं। आठ लोगों की मौत पिछले कुछ दिनों में इलाज के दौरान हुई जबकि एक व्यक्ति की मौत शनिवार को हुई। ये सभी मध्य प्रदेश के रहने वाले थे।

असलाली पुलिस थाने के इंस्पेक्टर पी आर जडेजा ने कहा कि एलपीजी सिलेंडर से गैस के रिसाव के कारण विस्फोट हुआ और आग लगी जिसमें बच्चे और महिलाओं समेत 10 लोग बुरी तरह झुलस गए। घटना में अभी तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। इनका सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्होंने बताया कि गुरुवार को इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई, पांच अन्य की मौत शुक्रवार को हुई। एक व्यक्ति की मौत शनिवार सुबह हुई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में कोरोना के करीब 39 हजार नए मामले

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 39,097 नये मामले सामने आये हैं और 546 लोगों की इस महामारी से मौत हुई है। इस बीच शुक्रवार को 42 लाख 67 हजार 799 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 42 करोड़ 78 लाख 82 हजार 261 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 39,097 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 13 लाख 32 हजार 159 हो गया है।

सहकारिता

मुख्यमंत्री बघेल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के स्वावलंबन के लिए सहकारिता आंदोलन: बघेल

■ मानपुर और मुढ़ीपार सहकारी बैंक भवन का निर्माण 36-36 लाख रूपए की लागत से करने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि सहकारी बैंक से किसानों की बड़ी उम्मीद हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्वावलंबी बनाने के लिए सहकारिता आंदोलन के विस्तार और इसे और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। किसानों के साथ-साथ मजदूरों, गौपालकों, वनांचल के आदिवासी भाई-बहनों को भी सहकारी बैंकों से जोड़ा जाना चाहिए, जिससे उन्हें भी बैंक की सुविधाओं का लाभ मिल सके।

सहकारी बैंक भवन निर्माण की घोषणा

मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री नवाज खान के पदभार ग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बैंक के अध्यक्ष श्री खान को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजनांदगांव जिले के वनांचल के गांव मानपुर और मुढ़ीपार (खैरागढ़) में सहकारी बैंक के भवन निर्माण की घोषणा की।

कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट निर्माण

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी का नारा दिया है, सुराजी गांव योजना के अंतर्गत पशुओं के लिए गौठानों का निर्माण किया गया है, जहां महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं गोधन न्याय योजना के अंतर्गत खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट का निर्माण कर रही हैं। अब तक समूहों द्वारा तैयार किए गए लगभग 9 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट की बिक्री की जा चुकी है, जिसका उपयोग बड़ी संख्या में किसान कर रहे हैं। वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करने वाले किसानों का कहना है कि वर्मी कम्पोस्ट के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की मांग के अनुरूप केन्द्र द्वारा रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति नहीं होने के कारण किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

किसान जैविक खेती की ओर बढ़ें

राज्य सरकार इनकी आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास कर रही है। श्री बघेल ने कहा कि किसान ज्यादा से ज्यादा वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कर जैविक खेती की ओर बढ़ें, जैविक खेती से मिलने वाले कृषि और उद्यानिकी उत्पाद तथा अनाज स्वास्थ्य और आर्थिक दृष्टि से किसानों के लिए लाभप्रद होंगे। जैविक उत्पादों का डेढ़ से दोगुना दाम बाजारों में मिल रहा है। लोग भी जैविक उत्पादों का उपयोग करने लगे हैं।

कोरोना से जूझ रही दुनिया को करुणा, दया की जरूरत : राष्ट्रपति कोविंद

नई दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि दुनिया कोविड-19 के कहर से जूझ रही है और उसे पहले के मुकाबले कहीं अधिक करुणा, दया और निस्वार्थ भाव की जरूरत है। कोविंद ने एक कार्यक्रम में कहा कि बौद्ध धर्म से निकले इन वैश्विक मूल्यों को विचारों तथा कार्यों में अपनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'वैश्विक चिंता के मुद्दों से निपटने में बौद्ध मूल्य और सिद्धांत दुनिया को बेहतर स्थान बनाने में मदद करेंगे।'

वह अंतरराष्ट्रीय बौद्ध कन्फेडरेशन (आईबीसी) की ओर से आयोजित आषाढ़ पूर्णिमा - धर्म चक्र दिवस के वार्षिक कार्यक्रम को वीडिया संदेश के जरिए संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रपति भवन से जारी एक बयान के अनुसार, कोविंद ने कहा कि भगवान बुद्ध के जीवन में मानवता के अमूल्य सिद्धांत हैं। उन्होंने कहा, 'कोविड-19 के असर से जूझ रही दुनिया को पहले से कहीं अधिक करुणा, दया और निस्वार्थ भाव की आवश्यकता है।'

भाठगाँव लिफ्ट इरीगेशन यूनिट तैयार, टेस्टिंग सफल

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। करोड़ों रुपए के खर्च से तैयार की गई और लगभग 30 साल तक अनुत्पादक रही भाठगाँव की लिफ्ट इरीगेशन यूनिट को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर महज कुछ ही महीनों में ही संजीवनी मिल गई। इसकी टेस्टिंग हो गई है। टेस्टिंग होने का तात्पर्य यह है कि यह यूनिट तकनीकी रूप से किसानों को पानी देने पूरी तरह सक्षम है। इस यूनिट का संबंध तांदुला जलाशय से है। तांदुला जलाशय में जब जलभराव का मानक पूरा हो जाएगा तो इस यूनिट के माध्यम से भी किसानों के खेतों को सींचा जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बीते दिनों इस लिफ्ट इरीगेशन यूनिट का भ्रमण किया था और शीघ्रताशीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिये थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालन अभियंता सुरेश पांडे ने बताया कि काम पूरा कर लिया गया है और टेस्टिंग हो चुकी है। यूनिट को पूरी तरह से दुरूस्त कर लिया गया है और सिंचाई के लिए सक्षम बनाया जा चुका है। यूनिट का काम देख रहे एसडीओ एनआर वर्मा ने बताया कि इस लिफ्ट इरीगेशन यूनिट की महती संभावनाओं को देखते हुए कार्य युद्धस्तर पर किया गया। सिविल वर्क पूरा किया गयाए जहाँ कहीं भी गाद जमा हो गए थेए वे निकाले गए। टूट फूट की मरम्मत की गई। इलेक्ट्रिकल एवं मशीनरी से संबंधित कार्य तेजी से पूरे किये गये। इस योजना के बारे में उन्होंने बताया कि इससे 1538 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। इसमें जामगांव आरए बोरवाय और औरी में 818 हेक्टेयर खेतों की सिंचाई हो सकेगी। श्री वर्मा ने बताया कि इसके माध्यम से रबी फसल भी लेना संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर अनेक ऐसी सिंचाई योजनाओं को संजीवनी मिल गई है जो थोड़ी सी मरम्मत की दरकार के चलते पूरी तरह अनुपयोगी हो गई थीं। ऐसी नहरों से गाद निकाली गई और तकनीकी रूप से मरम्मत की गई। इससे अनेक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सिंचाई के लिए दो तरह से कार्य किया जा रहा है।

मॉडल गौठान स्थापित करने कवायद

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। गृहमंत्री के क्षेत्र में सबसे सुंदर नेवई गोठान बनाने के बाद आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे डुंडेरा गोठान को बेहतर बनाने जुट गए है। आयुक्त का कहना है कि आय का स्त्रोत वाला गोठान बनाने की योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। यहां पर मवेशियों के लिए चारा से लेकर महिला स्वसहायता समूह की आय बढ़ाने खेती भी की जाएगी। ग्रामीण परिवेश वाले निगम क्षेत्र के डुंडेरा वार्ड में निर्माणधीन गोठान में मवेशियों के लिए लगाए जा रहे नेपियर घांस का आयुक्त ने अवलोकन किया। उन्होंने गोठान स्थल देखने के बाद निर्देश दिए कि खाली जगह का उपयोग बेहतर तरीके से किए जाए। आयुक्त ने कहा कि खाली पड़े जगह के आधे हिस्से में नेपियर घांस लगाया जाए। वहीं एक हिस्से में जिमीकंद और मक्का की खेती की जाए, ताकि गोठान संचालित करने वाली महिलाओं को कम समय में अधिक मुनाफा हो सके। आयुक्त ने प्रभारी उपअभियंता अखिलेश गुप्ता को निर्देश दिए कि गोठान निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराए। उद्घाटन के तत्काल बाद गोठान संचालन करने महिला स्वसहायता समूह को हैंडओवर किया जाएगा। निगम द्वारा निर्माण कराए जा रहे डुंडेरा गोठान के चारों ओर लोहे की जाली लगाकर बैरिकेडिंग किया गया है।

न्यूज गैलरी

चुनावी वादा पूरा करने किया प्रदर्शन

दुर्ग। मितानीनो ने राज्य शासन से 5 हजार मानदेय देकर चुनावी वादा पूरा करने प्रदर्शन किया एवं जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर ढाई साल की बकाया राशि 1.50 लाख देने की मांग की। प्रदर्शन मे मितानिन यूनियन के पदाधिकारियों में पूर्णिमा विश्वकर्मा, नेमा देशमुख, पिनकला, आशा वैष्णव, सवित्रि निर्मलकर, प्रदेश संयोजक ज्ञानेश दुबे, मीडिया प्रभारी दीनदयाल साहू, अशोक गोस्वामी, ढालसिंह, टेकराम साहू सहित सैकडो की संख्या में मितानीने उपस्थित रही।

अज्ञात का मिला शव

कुम्हारी। एक अज्ञात व्यक्ति का शव स्थित खारुन ग्रीन्स कॉलोनी के आगे एनएच 53 एवं सर्विस रोड के मध्य मिला है। मृतक का रंग सांवला है उसने नीला लाल चेक फुल शर्ट एवं नीचे नीली जीन्स पहनी हुई है। दाहिने हाथ मे मौली धागा पहना हुआ है। सिर के बाल छोटे छोटे तथा चेहरे पर हल्की दाढ़ी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा की कार्यवाही की गई।

कई ज्वलंत मुद्दो को लेकर भाजपा हुई मुखर

सामान्य सभा में सत्तापक्ष को घेरेंगे : अजय

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा ने कहा कि वर्तमान परिषद को कार्यभार ग्रहण किए 18 माह से अधिक हो गया किंतु विधायक के लगातार हस्तक्षेप के कारण अभी तक केवल एक ही सामान्य सभा हो पाई है। पिछले दिवस भाजपा के पार्षदों के लगातार दबाव के कारण महापौर ने 5 अगस्त 2021 को सामान्य सभा की बैठक बुलाई है। नेता प्रतिपक्ष वर्मा ने आगे कहा कि सामान्य सभा में प्रश्नकाल हेतु भाजपा पार्षदों ने शहर के ज्वलंत विषयों में प्रश्न लगाया है। जिसमें प्रधानमंत्री आवास निर्माण में गड़बड़ी, पार्किंग घोटाले पर लीपापोती, कुत्ता बधियाकरण घोटाला के कारण शहर में बढ़ते कुत्तों की संख्या गौठान निर्माण नहीं कर पाने के कारण शहर में बढ़ते आवारा पशुओं की संख्या, शहर की ध्वस्त सफाई व्यवस्था, अमृत मिशन योजना की विफलता एवं शहर में गड्ढे कर छोड़ना, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भुगतान नहीं होना, सफाई कर्मियों को 15 प्रतिशत बोनस, शहर में दूषित एवं गंदे पानी पेयजल की आपूर्ति सहित कोरोना की दूसरी लहर में निगम द्वारा अस्पताल नहीं खोले जाने निगम में पूंजीपतियों से कम टैक्स लेने एवं गरीबों से अधिक टैक्स वसूली जैसे प्रश्न लगाए हैं। श्री वर्मा सहित भाजपा पार्षद दल की ओर से पार्षद गायत्री साहू, देवनारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, काशीराम कोसरे, चमेली साहू, नरेश तेजवानी, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, अजीत वैद्य, ओमप्रकाश राकेश सेन, हेमा जगदीश शर्मा, शशि द्वारका साहू, पुष्पागुलाब वर्मा एवं कुमारी साहू ने ज्वलंत समस्याओं के ऊपर प्रकाश डालते हुए प्रश्न उठाया है।

97 हजार घरों का हुआ सर्वे

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। डेंगू से बचाव और मच्छरों के उन्मूलन के लिए भिलाई निगम ने एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है। अब तक 97111 घरों का सर्वे किया जा चुका है। सर्वे के दौरान टेमीफास् वितरण एवं रिफलिंग, जन जागरूकता के लिए पंपलेट का वितरण, कूलर, गमला, टायर एवं अन्य पात्रों की जांच, फागिंग, घरों के आसपास के क्षेत्र की नाली की सफाई, ब्लीचिंग एवं चूने का छिड़काव, जलजमाव वाले स्थानों में मलेरिया आयल का छिड़काव, मच्छरों का खात्मा करने के लिए मेलाथियान का छिड़काव, मच्छर के लार्वा को समाप्त करने के लिए टेमीफास का उपयोग, डेंगू एवं मलेरिया से पीड़ित की जानकारी आदि गतिविधियों को सर्वे के दौरान विशेष अभियान चलाकर अंजाम दिया जा रहा है। मच्छरों से होने वाली बीमारियों के रोकथाम हेतु भिलाई निगम द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम होते ही निगम का अमला गली.मोहल्लों में हैण्ड मशीन व व्हीकल माउंटेन से फॉगिंग कार्य कर रहे हैं। कुआं, नलकूप, बोरिंग के समीप एवं अन्य पानी जमाव वाले स्थानों की सफाई कराकर चूना व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर रहे है तथा अधिक पानी जमा वाले स्थानों पर मलेरिया ऑयल का उपयोग कर रहे हैं। एडल्ट मच्छरों को समाप्त करने के लिए मैलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है।

एक ही छत के नीचे होंगे छात्रहित के कामकाज : वोरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पोटिया क्षेत्र में शहर के छात्र छात्राओं की सुविधा के लिए 12 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी का प्रशासनिक भवन अब पूर्णता की ओर है। 4 एकड़ क्षेत्र में फैले हुए कैंपस का डेढ़ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री बघेल एवं विधायक अरुण वोरा के द्वारा किया गया था जिसका स्ट्रक्चर अब मूर्त रूप में नजर आने लगा है। कार्य की प्रगति देखने पहुंचे विधायक अरुण वोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार शिक्षा एवं रोजगार की दिशा में सार्थक कदम उठा रही है। स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय का कार्य प्रगति पर है। दुर्ग जिले के छात्र छात्राओं को आईआईटी, तकनीकी विवि के बाद 12 करोड़ की लागत से हेमचंद यादव विवि के प्रशासनिक भवन का बड़ा लाभ मिलने जा रहा है जिससे उनके सभी काम एक ही छत के नीचे संचालित हो सकेंगे एवं सर्वसुविधायुक्त भवन बन जाने से भटकाव की स्थिति खत्म होगी। जल्द ही परिसर में पहुंच मार्ग एवं अन्य आवश्यक विकास कार्यों का निष्पादन भी कराया जाएगा। सरकार बनने के साथ ही शिक्षा स्वास्थ्य एवं अधोसंरचना में पर्याप्त राशि का प्रावधान रखा गया है कोविड काल मे भी भूपेश सरकार ने प्रदेश में विकास की रफ्तार थमने नहीं दी है। 'यूनिशेड निर्माण के लिए एक महीने की मोहलत'वोरा ने विश्वविद्यालय के बाद इंदिरा मार्केट में निर्माणाधीन यूनिशेड के औचक निरीक्षण में अधिकारियों सहित पहुंचे। जहां अधिकारियों ने बताया कि एक माह के भीतर सब्जी व्यवसायियों एवं आमजनता की सुविधा के लिए सर्वसुविधायुक्त भव्य शेड बनकर तैयार हो जाएगा एवं धूप बरसात एवं गर्मी से निजात मिलने के साथ ही साफ सफाई भी बेहतर एवं सुचारू रूप से हो सकेगी। इस दौरान एमआईसी अब्दुल गनी, अनूप चंदनिया, हामिद खोखर, राजेश शर्मा, अंशुल पांडेय, अजहर जमील, भोजराम यादव एवं मोहनपुरी गोस्वामी मौजूद थे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/दानप्राप्तकर्ता श्री राजेश शर्मा पिता स्व. लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी ग्राम न्यू खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 7/4, 7/5 रकबा 0.405 हे. 1936 वर्गफीट भूमि को दानकर्ता भूपेन्द्र कुमार शर्मा पिता स्व. लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी ग्राम खुर्सीपार भिलाई से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 06.07.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वासुदेव सिंह पिता स्व. जयसिंह ठाकुर अन्य निवासी चिखलदाह तह. व जिला राजनांदगांव के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम पिपरछेड़ी प.ह.नं. 05 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 147/1, 147/2 रकबा 0.410, 0.580 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर हकत्यागकर्ता झुन्नीलाल पिता स्व. लखन सिंह राजपूत के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 11.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गयाराम बंजारे आ. हेमराम बंजारे निवासी डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 402/1, 410, 414, 417, 871/1 रकबा 0.6500 हें भूमि जो कि दुलाबाई बेवा मंथिर के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी दुलाबाई बेवा मंथिर की मृत्यु 19.04.2021 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री प्रशांत कुमार आ. सुरेशचंद साकिन रिसाली के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 609/1 रकबा 0.1216 हे. भूमि धनुष लाल आ. खेदू साव से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 04.06.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनश्याम सिंह चंद्राकर साकिन कुथरेल तहसील व जिला दुर्ग अपने दादी बुधाबाई चंद्राकर की मृत्यु दिनांक 05.06.2011 को हो चुकी है उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 30.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर **कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मुकेश निषाद आ. स्व. मुन्नालाल निषाद एवं अन्य 03 निवासी अंगारमोती मंदिर के सामने आमापारा बाजार तालाब पार रायपुर द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 656/49, 904/63 रकबा क्रमशः 0.010, 0.020 हे. जो कि वर्तमान अभिलेख में मुन्नालाल निषाद आ. स्व. मूलचंद निषाद एवं राजेश निषाद के नाम दर्ज है। उक्त दोनों खातेदारो की मृत्यु को हो जाने के कारण उनके वारिसानों का नाम फौती दर्ज किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 04.08.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 06.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक आदित्य कुमार आ. कैलाश साहू निवासी चंगोराभाठा रायपुर द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 996/117 रकबा 0.01 आरे 752 वर्गफीट जो कि गौरीबाई पति कैलाश साहू के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु दिनांक 11.09.2020 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07.08.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 14.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पुष्पा बाई साहू पति स्व. दोनेश्वर साहू निवासी छाटा तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम छाटा प.ह.न. 23 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 735/2, 735/3, 735/4, 735/5 रकबा क्रमशः 0.07, 0.17, 0.05, 1.08 हे. कुल रकबा 1.37 हे. जो कि आवेदिका के पति दोनेश्वर साहू एवं अन्य 03 के नाम संयुक्त खाते में दर्ज है। सहखातेदार दोनेश्वर की मृत्यु हो जाने के कारण फौती दर्ज किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05.08.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 05.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रामलाल आ. गुहरीराम निवासी अचानकपुर तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम अचानकपुर प.ह.न. 24 तह. पाटन की आबादी भूमि खसरा नंबर 303/1/26 रकबा 450 वर्गमीटर भूमि आबादी पट्टा जो कि आवेदक एवं शामबाई के नाम पर दर्ज है। शामबाई की फौत दिनांक 04.05.2021 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07.08.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक छगनलाल आ. अलखराम निवासी तर्रा तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम तर्रा प.ह.न. 19 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 655, 694/1 रकबा 0.02, 0.16 हे. कुल रकबा 0.18 हे. जो कि आवेदक एवं उनके भाई मिलाप, राजू एवं माधव के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। सहखातेदार माधो की दिनांक 25.05.2020 को फौत हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.07.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 14.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गुलजारी लाल साहू आ. मनराखन निवासी गोडपेंडरी पाटन तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम गोडपेंडरी प.ह.न. 23 तह. पाटन की भूमि खसरा नंबर 746, 1063, 1067, 1195, 1547 कुल रकबा 0.91 हे. जो कि आवेदक एवं उनकी मां रामकुवर पति मनराखन के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। सहखातेदार रामकुवर की मृत्यु दिनांक 25.04.2021 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित किए जाने आवेदन किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05.08.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीती साहू पति स्व. वेदव्यास साहू निवासी म.न. 127 वार्ड 56 उररला दुर्ग मौजा रिसामा प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 555/2 रकबा 0.320 हे. वेदव्यास साहू के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु 29.03.2021 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीती साहू पति स्व. वेदव्यास साहू निवासी वार्ड 57 उररला दुर्ग मौजा बिरेझर प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. अंजोरा ख तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 979 रकबा 0.0400 हे. वेदव्यास साहू के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु 29.03.2021 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार तह. बोरी व जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06अ/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय कुमार साहू आ. टीकाराम साहू साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम हसदा प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. बोरी तह. बोरी जिला दुर्ग में स्थित भूमि स्वामी हक का भूमि खसरा नबर 1073 रकबा 0.92 हे. भूमि को रजिस्ट्री बयनामा के माध्यम से क्रय कर स.क्र. 03 दिनांक 20.05.2016 को ह.प. द्वारा प्रमाणीकरण कर किसान किताब जारी किया गया है। किन्तु ऑनलाईन रिकार्ड में सहक्रेता श्रीमती सुधा साहू ध.प. टीकाराम का नाम त्रुटिवश दर्ज नही हुआ है को सुधार करते हुए तथा सहक्रेता श्रीमती सुधा साहू की मृत्यु दिनांक 16.06.2019 को हो जाने के कारण मृतक सहक्रेता का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज ना करते हुए उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः त्रुटि सुधार करते हुए फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि दिनांक 26.07.2021 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर **नायब तहसीलदार बोरी (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107100900007

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21

सावनी प.ह.न. 00019(998(0.2700 हे.)

पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- रमा बाई

अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सावनी प.ह.न. 19 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका रमा बाई पिता झाडूराम निवासी सावनी द्वारा मौजा ग्राम सावनी प.ह.न. 19 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपनी माता शीलाबाई पति झाडूराम के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 998, 1178, 1318, 1391/1 रकबा क्रमशः 0.27, 0.15, 0.35, 0.02 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.79 हे. को भूमिस्वामी भीलाबाई पति झाडूराम द्वारा आवेदिका रमाबाई के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 14.06.2010 के आधार पर वसीयतकर्ती भूमिस्वामी शीलाबाई की दिनांक 29.06.2021 को मृत्यु हो जाने से आवेदित भूमि आवेदिका के नाम नामांतरण किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका श्रीमती रमा बाई पिता झाडूराम द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 05.08.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2021 को जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107100900057

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21

मटंग प.ह.न. 00029 हे.)

पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- चन्द्रिका बाई

अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम मटंग प.ह.न. 29 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका चन्द्रिका बाई पति दीनूराम निवासी बोहारडीह तहसील पाटन द्वारा मौजा ग्राम मटंग प.ह.न. 29 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित दीनूराम पिता फुलु जाति गोड़ के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 26, 28 रकबा 1.14, 0.28 हे. की भूमिस्वामी दीनूराम का दिनांक 05.04.2021 को फौत हो जाने से फौती नामांतरण से अपने एवं अन्य वारिसानों के नाम नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका श्रीमती चन्द्रिका बाई पति दीनूराम द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 05.08.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2021 को जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107100900058

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21

बोहारडीह प.ह.न. 00027 हे.)

पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- चन्द्रिका बाई

अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम बोहारडीह प.ह.न. 27 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका चन्द्रिका बाई पति दीनूराम निवासी बोहारडीह तहसील पाटन द्वारा मौजा ग्राम बोहारडीह प.ह.न. 27 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित दीनूराम पिता फुलु जाति गोड़ के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 114, 117, 123, 155, 129, 132, 130, 139, 210, 185, 187, 190, 216, 238, 246, 344, 698, 701, 704, 750, 746, 751, 755 कुल रकबा 3.91 हे. की भूमिस्वामी दीनूराम का दिनांक 05.04.2021 को फौत हो जाने से फौती नामांतरण से अपने एवं अन्य वारिसानों के नाम नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका श्रीमती चन्द्रिका बाई पति दीनूराम द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 05.08.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.07.2021 को जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107101000128

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21

कुरुद प.ह.न. 00050 हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- श्रीमती राजकौर

अनावेदक पक्षकार-

आवेदक श्रीमती राजकौर पति जोगिन्दर सिंह निवासी न्यू कृष्णा नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 901/1 का टु. रकबा 0.011 हे. 1175 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता उधोराम पिता स्व. सुमेर निवासी भाठापारा कुरुद भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री टोमलाल साहू आ. बोधनलाल साहू निवासी ग्राम भोथली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 29/19 रकबा 616 वर्गफीट भूमि को विक्रेता मोहम्मद अकरम खोखर पिता हारुन खोखर निवासी ग्राम तमेरपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.03.2021 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपाल राठी पिता नत्थूलाल निवासी गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके पिता नत्थूलाल के नाम पर ग्राम महमरा प.ह.नं. 26 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 228, 229, 230 रकबा कुल 3.320 हे. भूमि एकल खाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार नत्थूलाल की मृत्यु दिनांक 28.08.2020 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 10.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

निगम गार्डनों की मेंटेनेन्स अब निजी कंपनी के हवाले, गार्डन बनेगा कमाई का जरिया

5 प्रतिशत हिस्सेदारी देकर कर सकते हैं दुकानदारी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा में एमआईसी ने कुल 21 एजेंडे दिए थे। जिसमें शुक्रवार को हुई सामान्य सभा में 19 एजेंडे को प्रस्ताव के लिए रखा गया था। 14 प्रस्तावों पर समुचित समाधान हुआ जबकि 5 प्रस्ताव पेंडिंग है, जिसे आगामी 27 जुलाई को एक बार फिर सामान्य सभा में चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा।

बैठक में अनेक अहम मुद्दों पर एकराय होकर निर्णय लिया, हालांकि इस दौरान विपक्ष ने विरोध जरूर किया था, लेकिन बहुत कम बहुमत के कारण वह प्रस्ताव पास हो गया। इसमें सबसे जरूरी शहर के गार्डनों का मेंटेंनस को लेकर था। दरअसल, शहर में सौ से अधिक गार्डन है, जिसके रख-रखाव में लाखों रूपए खर्च किया जाता है।

निगम को होगा 2 लाख सालाना आय

निगम के पास इन गार्डनों की प्रॉपर देखभाल के लिए रेव्येन्यू की जरूरत रहती है, लेकिन अलग आमदानी निगम कहां से लाए, इसलिए सामान्य सभा में ये तय हुआ कि फिलहाल एक्सपेरिमेंट के तौर पर व्हाइट हाउस के सामने वाले गार्डन को 5 प्रतिशत की हिस्सेदारी पर स्टॉल लगाने की अनुमति देगा। ये काम निगम खुद नहीं करेगा, बल्कि 5 साल के लिए निजी हाथों में सौंपने का फैसला लिया, ताकि निगम के पास रेव्येन्यू आए। ये प्रस्ताव शुक्रवार को सामान्य सभा में बड़ी बहुमत से पास हुआ है। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि एक-एक कर शहर के 80 गार्डनों में पांच-पांच फीसदी की हिस्सादारी से छोटे-बड़े व्यावसाय करने वाले लोगों को दिया जाएगा।

वैसे तो शहरभर में सैकड़ों गार्डन है, जिसमें से प्रति गार्डन से नगर निगम को न्यूनतम दो लाख रुपए सालाना लाइसेंस फीस मिलेगी। किसी निजी कंपनी को जोड़ने से गार्डनों की देखभाल भी होगी और लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। यहां निजी कंपनी गुमटियां बनाएगी, जिनमें गुपचुप, चाट-भेल, चाऊमिन, जूस, वेज-नॉनवेज खाना सहित अन्य अनेक प्रकार के ठेले लगाएंगे। स्टेज इवेंट भी कर सकेंगे, इसके लिए एजेंसी को विज्ञापन देने का भी अधिकार रहेगा।

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का तर्क

सामान्य सभा की बैठक में भाजपा पार्षद और नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने इसका पुरजोर विरोध किया था। उनका तर्क था कि पालिका बाजार योजना में चाट, गुपचुप जैसी व्यावासायिक प्रतिष्ठानों से गार्डन की मर्यादा नष्ट होगी। विकेंड पर परिवार गार्डन में घुमने आते है, लेकिन व्यावसायिक प्रतिष्ठान हो जाने से भीड़ बढ़ेगी। लोग परिवार लेकर आने में करताएंगे। महौल बिगड़ेगा। इससे गार्डन का महत्व और उसकी संरचना खराब होगी। इसलिए गार्डन में व्यावसायिक गतिविधियां शुरू नहीं करनी चाहिए।

कुछेक पार्षदों ने विरोध में ये तर्क दिए

मृत्युंजय दुबेः वातावरण दूषित होगा, बदबू फैलेगी। गंदगी होगी तथा शांति भी भंग होगी, लोग परिवार के साथ गार्डन नहीं जा सकेंगे। **सरिता दुबेः** गार्डन में व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन के लिए क्या एनजीटी की अनुमति ली गई है? ऐसा करना बेहद जरूरी है। **मनोज वर्माः** चाट-गुपचुप ठेलों से अतिक्रमण शुरू होता है, फिर लाइन से दुकानें बन जाती हैं। अब गार्डनों में भी ऐसा होने लगेगा।

12वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आज, छात्रों के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रविवार यानी आज 12 वी ष्टत्र बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी करेगा। परीक्षा परिणाम जारी करने की जानकारी छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव प्रोफेसर व्हीके गोयल ने दी है। सचिव के अनुसार हायर सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा वर्ष 2021 का परीक्षा परिणाम 25 जुलाई रविवार दोपहर 12 बजे जारी किया जाएगा। परीक्षा परिणाम स्कूल शिक्षा मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय सिंह टेकाम के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन जारी किया जाएगा। परीक्षा परिणाम मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण की वजह से इस वर्ष हायर सेकेंडरी की परीक्षा परीक्षार्थी घर बैठे दिया था। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका का वितरण कर दिया था। परीक्षार्थियों ने उत्तर-पुस्तिकाओं को भरने के बाद 6 दिन में सम्बन्धित केंद्रों में जमा किया था। रायपुर में करीब 35 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं प्रदेश भर से 2 लाख 83 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। कोरोना वायरस के संकट में जहां एक ओर कई नियम और नए पैमाने काम करने के तरीके में बदलाव आए।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को श्रावण मास की शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। शास्त्रों में सावन के महीने को बहुत ही पवित्र महीना माना गया है। इस माह में भगवान शिव की पूजा और उनका अभिषेक करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। इस माह में भगवान शिव अपने भक्तों को सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। 24 जुलाई को आषाढ़ का महीना समाप्त हो गया और 25 जुलाई रविवार के दिन सावन का महीना शुरू हो गया है। इस दिन सावन के महीने की प्रतिपदा तिथि है। 26 जुलाई को सावन का पहला सोमवार पड़ेगा। सावन का पूरा महीना भगवान शिव को समर्पित माना जाता है।

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने प्रदेशवासियों को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का पर्व है। इस समय श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न मंदिर देवालयों में भगवान महादेव की उपासना की जाती है। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश की सुख-समृद्धि तथा देश और प्रदेश को कोरोना से जल्द मुक्ति दिलाने की कामना की है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि कोरोना संकट के मद्देनजर सावधानी बरतें और शासन द्वारा कोरोना से बचाव के लिए दिए गए निर्देशों को मानते हुए त्यौहार मनाएं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान शिव की आराधना के प्रतीक पवित्र श्रावण मास के 25 जुलाई से शुभारंभ पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर सीएम बघेल ने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। बघेल ने कहा कि सावन मास के प्रारंभ के साथ ही शिव जी की विशेष आराधना शुरू हो जाती है। विशेष रूप से श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव से सावन सोमवार को शिवजी का व्रत रखते हैं। मुख्यमंत्री ने आम जनता से अपील की है कि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है इसलिए कोरोना से बचाव के लिए जारी सभी प्रोटोकाल का पालन करते हुए शिव आराधना करें। उन्होंने महादेव से सभी लोगों की रक्षा के लिए के लिए प्रार्थना की है।

रायपुर/नवप्रदेश। महापौर एजाज ढेबर ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुरेश्वर विद्या पीठ पहुंचकर पूजा अर्चना की।

पैदल जा रही महिला को मेटाडोर ने मारी ठोकर, इलाज के दौरान मौत

रायपुर/नवप्रदेश। तेज रफ्तार मेटाडोर की ठोकर से पैदल जा रही महिला की मौत हो जाने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार शहीदनगर बीरगांव निवासी उत्तर सेठ 36 वर्ष पिता बिहारी सेठ ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 23 जुलाई को 11.30 बजे गणपति इस्पात के पास उरला में तेज रफ्तार मेटाडोर क्रमांक सीजी 04 जेडी 0958 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए प्रार्थी की पत्नी श्रीमती संजू सेठ 34 वर्ष को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते वह गंभीर रुप से घायल हो गई,अस्पताल ले जाने पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मेटाडोर चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

अज्ञात कारणों से महिला ने लगाई फांसी

रायपुर/नवप्रदेश। उरला थाना क्षेत्र के राजेन्द्र नगर में एक 30 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर मौके में पहुंची उरला पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या करने का कारण ज्ञात नहीं हो पाया है। मृतिका के तीन बच्चे है जो घर के बाहर खेल रहे थे, वही पति किसी फैक्ट्री में काम करता है जो अपने काम पर गया था। पुलिस मामले में पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही मामले को जांच में लिया है।

युवक ने महिला को गिफ्ट भेजने और विदेश घुमाने के नाम पर 25 लाख ठगा

रायपुर/नवप्रदेश। फेसबुक पर विदेशी युवक ने महिला को मंहगा गिफ्ट भेजने और विदेश घुमाने के नाम पर 25 लाख रुपये अलग-अलग माध्यम से ठग लिए। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई निवासी युवती ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि खमतराई थाना क्षेत्र निवासी महिला की दोस्ती डेढ़ माह पहले इंग्लैंड के युवक से हुई थी। इसके बाद आरोपित ने मंहगे गिफ्ट देने की बात कही। इसके बाद अलग-अलग खाते में 25 लाख रुपये डलवा लिए। पुलिस ने साइबर की मदद से उन खाता नंबरों की पड़ताल शुरू कर दी है। साइबर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाते हैं। आईडी के माध्यम से ये लोगों से दोस्ती करते हैं।

कांग्रेस की सरकार में वनवासी समाज सुरक्षित नहीं : कौशिक

■ नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने गौरेला-मरवाही में आदिवासी परिवार पर हुई घटना पर दुख जताया

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में एक आदिवासी परिवार के साथ हुए घटना की निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश वनवासी समाज के लोग कहीं भी सुरक्षित नहीं है। जिस तरह की घटना प्रदेश में लगातार घटित हो रही है वह बेहद ही चिंताजनक है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस तरह से आदिवासी परिवार के सदस्य को कांग्रेस नेता बलराम कश्यप द्वारा जिस तरह से मारपीट की गई यह बेहद ही निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला गौरेला थाना के तेंदुमुड़ा गांव का है जहां के रहने वाले वनवासी समाज के बुरी तरह से पिटाई की गई जिसके कारण उन्हें गंभीर चोटे आई है।

यह मामला पौधरोपण को लेकर हुआ है। जिसके बाद से ही विवाद हुआ और कांग्रेस नेता बाला प्रसाद कश्यप ने बेरहमी से पीटा है व पूरे परिवार का भयादोहन किया जा रहा है।

इससे पूर्व भी इस जिले में कांग्रेस के एक नेता के पुत्र द्वारा एक व्यक्ति की पिटाई की गई थी जिस पर भी कांग्रेस की मौनता कई सवालों को जन्म देता है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को सुरक्षा के साथ न्याय देने की मांग की है।

प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को 36 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को जिला कलेक्टर के माध्यम से आर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृत की जाती है। ऐसे ही 9 प्रकरणों में 36 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के अनुसार कोरिया जिले की तहसील खड़गंवा के ग्राम सोंस की रजमन बाई की पानी में डूबने से, ग्राम मेंड्रा के रामसिंह की अकाशीय बिजली गिरने से और ग्राम मंगोरा की रीना की मृत्यु सर्प दंश से हो जाने के कारण मृतकों के पीड़ित परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत गई है। तहसील सोनहत के ग्राम कैलाशपुर के ब्रजकुमार की अकाशीय बिजली गिरने, नवटोला की सुन्दरवती और ग्राम नरवाही के सोमार साय, तहसील बैकुण्ठपुर के जगतपुर गांव के बुदनू और केल्हारी के कछौड़गांव के अरविंद सिंह की मृत्यु सर्पदंश से होने के कारण मृतकों के पीड़ित परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

दर्जनभर से अधिक मृत आत्माओं की याद में रोपे गये पौधे

■ विधायक विकास ने पौधा लगाकर दिवंगतों को स्मरण करते दिया 'हरितांजली'

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोनाकाल में दिवंगत हुए दिव्य आत्माओं की स्मृति में संसदीय सचिव एवं रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय लगातार पौधारोपण कर रहे है। शनिवार को अपने विधानसभा के बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र. 18 में पौधा लगाकर श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

आज पहुंचे बाल गंगाधर तिलक वार्ड

परिजनों की उपस्थिति में फलदार-छायादार वृक्षों को लगाते हुए विधायक महोदय पौधें के रख-रखाव की जिम्मेदारी परिवार के सदस्यों को ही दे रहे हैं। परिजनों के द्वारा बताए गए स्थान पर उनके पसंद का पौधा लगाकर विधायक महोदय भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया कि कोरोनाकाल में रायपुर पश्चिम विधानसभा से दिवंगत हुए दिव्य आत्माओं की स्मृति में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पौधा लगाकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम 'हरितांजली' के तहत लगातार पौधारोपण किया जा रहा हैं।

अपनों की याद में भावुक हुए परिजन

विकास जिन-जिन मृतकों के घर पहुंच रहे है, उनके नाम का पौधारोपण करने, वैसे ही परिजन भावुक हो रहे है। कई ऐसे परिजनों के तो आंसू रोके नहीं रूके। विकास ने परिवारजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि आपके बीच वे हमेशा एक पौधे के रूप में जिंदा रहेंगे। आप इस पौधे का ख्याल रखिए। परिजनों ने भी ताउम्र ख्याल रखने का वादा किया।

पौधे के रूप में ताउम्र रहेंगे जिंदा

आज के आयोजन में बाल गंगाधर तिलक वार्ड के स्व. सुबोध देवनाथ, स्व. प्रमिला गुप्ता, स्व. आर.पी. रामटेके, स्व. पी. उमा माहेश्वरी, स्व. द्वारिका तिवारी, स्व. निर्मल बेरा, स्व. आसित बेरा, स्व. भगवानी मलंग, स्व. कल्पना बागड़े, स्व. एस. सी. पाठक, स्व. संजय लिलहारे, स्व. जगजीत सिंह चावला, स्व. रेहाना अहमद, स्व. बी. गांगुली, स्व. शिव कुमार डांडवेकर की स्मृति पौधा लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

किसानों को मवाली कहकर लेखी ने स्तरहीनता दर्शाया

रायपुर/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मीडिया प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिवक्ता इक़बाल अहमद रिजवी ने कहा कि केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी के आंदोलनरथ किसानों को मवाली कहकर स्तरहीन मानसिकता का परिचय दिया है जो अक्षयम। लेखी को किसानों के साथ साथ देशवाशियो से भी माफी मांगना चाहिए। लेखी ने संघर्षरथ किसानो को मवाली कहकर जघन्य अपराध किया है जिसकी भरपाई बाद में दी गई सफाई से कदापि नही हो सकती है। यह तो वैसा ही हुआ कि किसी को चौराहे पर झापड़ मारकर गली में माफी मांग ली जाय। रिजवी ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कहा है कि केन्द्रीय मंत्री की अशोभनीय एवं अमर्यादित टिप्पणी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आयोग मंत्री लेखी पर कड़ी कार्यवाही करें तथा आंदोलनरथ किसानो को लेखी के विरुद्ध थाने में मानहानि की रिपोर्ट दर्ज करानी चाहिए तथा लेखी को तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा देने कहा जाय।

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा : दो तरह से मिलेगा हितग्राहियों को लाभ

■ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश में मनेगा पखवाड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदी को लेकर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा अब 31 जुलाई तक मनाया जाएगा। कोविड महामारी के विषम परिस्थितियों में अधिक से अधिक लोगों को परिवार नियोजन का लाभ मिले, इसे देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार की ओर से राज्यों को 31 जुलाई तक उक्त पखवाड़ा मनाने का निर्देश दिया गया है।

इससे पूर्व 11 जुलाई से 24 जुलाई तक परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदी को लेकर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का दूसरा चरण आयोजित किया जाना था। इसके अंतर्गत पंजीकृत इच्छुक लाभार्थियों (महिला - पुरुष) की जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में नसबंदी की सुविधा दी जा रही थी। निर्देश के बाद अब 31 जुलाई तक उक्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजित रखने के अस्थाई साधनों जैसे-कंडोम, माला एन, अंतरा इंजेक्शन और छाया टेबलेट को अपनाने के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।

वर्तमान समय में कोविड महामारी का प्रभाव है। जिसको ध्यान में रखते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए के लिए इस वर्ष जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए कई तरह की गतिविधियां की जा रही हैं। यह आयोजन दो चरणों में संचालित हो रहा है। पहला चरण 27 जून से 10 जुलाई तक दंपत्ति सम्पर्क पखवाड़े के रूप में मनाया गया। जिसमें परिवार नियोजन के महत्व के बारे में गांवों में जागरूकता का प्रयास किया गया।

इसी तरह दूसरा चरण 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के रूप में मनाया जाना था जिसे अब जुलाई अंत यानि 31 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस पूरे पखवाड़े में परिवार नियोजन सेवा अंतर्गत गर्भ निरोधकों के अस्थायी और स्थायी दोनों ही साधनों की सेवा हितग्राहियों को प्रदान की जाएगी। अस्थायी सुविधा हेतु सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में कंडोम बॉक्स की रिफिलिंग, ओसीपी के अतिरिक्त पैकेट हितग्राही वितरण शामिल है। इसके साथ ही पीपीआईयूसीडी की व्यवस्था शामिल है।

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में कोविड टीकाकरण महानगरों से भी आगे

रायपुर/नवप्रदेश। कोविड-19 से सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बृहद टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में लक्षित जनसंख्या में से 66.40 प्रतिशत को प्रथम डोज व 19.82 प्रतिशत को दोनों डोज के टीके लगाए जा चुके हैं। यह आंकड़ा देश के सभी महानगरों में हुए टीकाकरण से भी अधिक है। रायपुर जिले में भी अब तक 60.39 प्रतिशत लोगों को पहला डोज व 15.82 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा महानगरों में टीकाकरण पर किए गए अध्ययन के अनुसार कोलकाता महानगर 61.8 प्रतिशत व्यक्तियों को प्रथम डोज व 21 प्रतिशत को दोनों डोज के वैक्सीन लगने के साथ शीर्ष पर है। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में टीकाकरण कोलकाता महानगर में हुए कुल वैक्सीनेशन से भी ज्यादा है। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में लक्षित 9.36 लाख लोगों में से 6.22 लाख लोगों को वैक्सीन का पहला डोज और 1.85 लाख को दूसरा डोज लग चुका हैं। यह आंकड़ा बैगलुरू, हैदराबाद, चेन्नई और दिल्ली में हुए वैक्सीनेशन से भी अधिक है।

बृहद टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत रायपुर जिले में 60.39 प्रतिशत व्यक्तियों को प्रथम डोज व 15.82 प्रतिशत को दोनों डोज के टीके लग चुके हैं। लक्षित जनसंख्या 17.52 लाख में से 10.58 लाख व्यक्तियों को पहले डोज एवं 2.77 लाख व्यक्तियों को दोनों डोज के टीके रायपुर जिले में लगाए जा चुके हैं।

वेबिनार | छत्तीसगढ़ की महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर शोध कर उनके योगदान को पाठ्यक्रम में शामिल करें

इंदिरा कला संगीत वि.वि. खैरागढ़ द्वारा आयोजित ऑनलाईन व्याख्यान में शामिल हुईः सुश्री उईके

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ द्वारा आजादी के 75वें वर्ष अमृत महोत्सव के अवसर पर ''छत्तीसगढ़ की महिलाओं का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान'' विषय पर आधारित ऑनलाईन व्याख्यान कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में समाज के सभी वर्गों ने बराबरी से भाग लिया, किन्तु पुरूष स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तुलना में महिला वीरांगनाओं के नाम उतनी प्रमुखता से दर्ज नहीं हो पाए। इस विषय पर प्रदेश के विश्वविद्यालयों को शोध करना चाहिए ताकि गुमनाम महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में लिखे जाएं। हमारी वीरांगनाओं के योगदान को पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने की घोषणा की थी। इसी परिप्रेक्ष्य में इस महोत्सव का आयोजन पूरे देश भर में किया जा रहा है। इस अमृत महोत्सव की बदौलत ही पूरे देश में ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को भी याद किया जा रहा है, जो गुमनाम रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित अनेक महानायकों के नेतृत्व में कई राष्ट्रीय आंदोलन किये गए, जिसमें पुरूषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी अपना योगदान दिया। हमारे राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास में ऐसे कई महिलाएं हैं, जिन्होंने पारिवारिक भूमिका के साथ-साथ राष्ट्रवादी गतिविधियों में हिस्सेदारी की और वीरता एवं साहस का परिचय दिया। महात्मा गांधी स्वयं स्वीकार करते थे कि हमारी मां, बहनों के योगदान के बिना स्वतंत्रता का यह संघर्ष संभव नहीं होगा। शिक्षा का प्रसार तथा सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध आंदोलनों ने महिलाओं में जागृति पैदा की। देश में चल रहे राष्ट्रीय आंदोलन में छत्तीसगढ़ के पुरूष स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ ही, यहां की अनेकों महिलाओं ने भी बराबरी से हिस्सा लिया। इनमें छत्तीसगढ़ से डॉ. राधा बाई, श्रीमती रोहिणी बाई परगनिहा, श्रीमती फूलकूंवर बाई, श्रीमती बेला बाई, श्रीमती केकती बाई बघेल, श्रीमती रूखमणी बाई एवं श्रीमती दया बाई का नाम उल्लेखनीय है। इनके अलावा भी असंख्य महिलाओं ने राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लिया, लेकिन उनके नाम इतिहास में कहीं दर्ज नहीं हुए।

सुश्री उइके ने विश्वविद्यालय को इतने अच्छे विषय पर व्याख्यान आयोजित करने के लिए विशेष रूप से बधाई दी और कहा कि वास्तव में राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं-पुरूषों ने बराबरी से भाग लिया था और महिलाओं ने परोक्ष रूप से भी इसमें योगदान दिया था, किन्तु हमारी सामाजिक संरचना के कारण महिलाएं पीछे रहीं और उनके योगदान का आंकलन इतिहासकारों ने सही तरीके से नहीं किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बहुल प्रदेश है और यहां के आदिवासी क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता के लिए अनेक आंदोलन/विद्रोह हुए, जिसमें सभी ने भाग लिया। इस विषय में प्रामाणिक जानकारी का अभाव है। राज्यपाल ने कहा कि आज की नई पीढ़ी को अपनी विरासत, संस्कृति की जानकारी अवश्य रखनी चाहिए और हमारे गौरवशाली इतिहास से हमेशा प्रेरणा लेना चाहिए।

इस अवसर पर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति श्रीमती मोक्षदा चन्द्राकर, छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी के पूर्व अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा, विश्वविद्यालय के नाट्य विभाग के संचालक डॉ. योगेन्द्र चौबे ने भी अपना संबोधन दिया। इस वेबिनार में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण तथा छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

सावन महीने में मनाएं महादेव को, शिव की कृपा से बनेंगे सभी बिगड़े काम

अत्यंत दुर्लभ संयोग के साथ शुरू हुआ है सावन का महीना

श्रावण के महीने में भगवान शिव की साधना अत्यंत शुभ एवं शीघ्र फलदायी होती है।

मरकंडू ऋषि के पुत्र मारकण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे।

भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत अर्घ्य और जलाभिषेक से किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। भू-लोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है।

पौराणिक कथाओं में वर्णन आता है कि इसी सावन मास में समुद्र मंथन किया गया था। समुद्र मथने के बाद जो हलाहल विष निकला, उसे भगवान शंकर ने कंठ में समाहित कर सृष्टि की रक्षा की; लेकिन विषपान से महादेव का कंठ नीलवर्ण हो गया। इसी से उनका नाम 'नीलकंठ महादेव' पड़ा। विष के प्रभाव को कम करने के लिए सभी देवी-देवताओं ने उन्हें जल अर्पित किया। इसलिए शिवलिंग पर जल चढ़ाने का ख़ास महत्व है। यही वजह है कि श्रावण मास में भोले को जल चढ़ाने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

'शिवपुराण' में उल्लेख है कि भगवान शिव स्वयं ही जल हैं। इसलिए जल से उनकी अभिषेक के रूप में अराधना का उत्तमोत्तम फल है, जिसमें कोई संशय नहीं है।

शास्त्रों में वर्णित है कि सावन महीने में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसलिए ये समय भक्तों, साधु-संतों सभी के लिए अमूल्य होता है। यह चार महीनों में होने वाला एक वैदिक यज्ञ है, जो एक प्रकार का पौराणिक व्रत है, जिसे 'चौमासा' भी कहा जाता है; तत्पश्चात सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शिव ग्रहण करते हैं। इसलिए सावन के प्रधान देवता भगवान शिव बन जाते हैं। श्रावण मास या फिर कहें सावन का महीना भगवान शिव की साधना के लिए समर्पित होता है। इस पावन मास में भोले की भक्ति में डूबा हर शिव भक्त अपनी मनोकामनाओं को पूरा करने के लिए विधि-विधान से उनकी पूजा करता है।

हिंदू धर्म में सावन का महीना बहुत महत्वपूर्ण होता है. इस महीने में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा होती है. इस महीने में श्रद्धा पूर्वक पूजा पाठ करने से आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है. सावन का महीना भोलेनाथ को प्रिय होता है. धार्मिक मान्यता के अनुसार, अगले चार महीने के लिए भगवान विष्णु निद्रा में चल जाते हैं, तब तक भोलेनाथ सृष्टि के पालनकर्ता के रूप में रहते हैं.

शिवभक्त इस महीने में सावन का व्रत रखते हैं, इस अलावा प्रत्येक सोमवार को भाग, धतूरा, पंचामृत, बेलपत्र, गंगाजल, चंदन, फल, फूल और नवैध चढ़ाते हैं. ज्योतिषों के अनुसार, सावन के महीने में सोमवार के दिन कुछ चीजों को लाने से आपकी सभी परेशानियां दूर हो जाती है।

श्रावण के महीने में भगवान शिव की साधना अत्यंत शुभ एवं शीघ्र फलदायी होती है। देवों के देव कहलाने वाले महादेव यानि भगवान शिव की साधना सबसे सरल मानी गई है। भगवान भोलेनाथ के विभिन्न रूपों की तरह इनके विभिन्न नाम भी निराले हैं। हर हाल में खुश रहने वाले भगवान शिव अपने भक्तों से भी शीघ्र ही प्रसन्न हो जाते हैं। शिव की कृपा से उनके भक्तों को कभी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता है।

प्रेग्नेंट महिलाएं रखें खास ख्याल

यदि आप प्रेग्नेंट हैं और सावन में सोमवार का व्रत रखना चाह रही हैं, तो अपने खानपाना का विशेष ध्यान रखना होगा, ताकि आप स्वस्थ और ऊर्जा से भरपूर रह सकें। इसमें कोई शक नहीं कि व्रत रखने से हमारा शरीर डिटॉक्स होता है। अभी बारिश भी हो रही है, ऐसे में जलजनित रोगों के होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में व्रत में शरीर का संतुलन बनाए रखने के लिए डायट पर खास ध्यान दें।

सोमवार व्रत में क्या खाएं, क्या ना खाएं

आप व्रत कर रहे हैं, तो फल और फलों से तैयार जूस पिएं। मौसमी फलों का सेवन करने से शरीर में पानी की कमी नहीं होगी। तरबूज, खरबूजा, खीरा, आम आदि का सेवन करें। इससे पेट भी साफ रहेगा। शरीर की एनर्जी लेवल भी बनी रहेगी। पानी भी 8-10 गिलास जरूर पिएं। नारियल पानी पीना भी बेस्ट ऑप्शन है।

मूंगफली, मखाना, दूध, दही, पनीर, चना का सेवन करें। ये सभी आपको स्वस्थ रखेंगे। शरीर को कैल्शियम, प्रोटीन, आयरन भी मिलता रहेगा। सावन के व्रत में गुड़ खाने से शरीर में एनर्जी लेवल बूस्ट होता है। गुड़ में आयरन अधिक होता है, जो शरीर में ऊर्जा की कमी नहीं होने देता है।

हेल्दी सिंघाड़ा, साबूदाने की खीर व खिचड़ी, कुट्टू के आटे से बनी पूरी, आलू की सब्जी खानी चाहिए। हालांकि, इनका सेवन सीमित मात्रा में ही करें। पेट को देर तक खाली रखने से गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। थोड़े-थोड़े अंतराल पर कुछ भी व्रत का आहार खाते रहें।

विवाह के लिए उपाय

संतान के विवाह में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए सावन के सभी सोमवार शिवलिंग पर केसर मिला हुआ दूध चढ़ाएं.इससे जल्द ही संतान की शादी का योग बनता है. प्रेम विवाह करने की इच्छा रखने वाले जातक भी इस उपाय को आजमा सकते हैं.

धन प्राप्ति के लिए उपाय

यदि आप धन की किल्लत का सामना कर रहे हैं तो सावन में बहते हुए जल में आटे की गोलियां मछलियों को खिलाएं. जब तक गोलियां मछलियों के लिए डालें तब तक मन ही मन में भगवान शिव का ध्यान करते रहें. इससे आपकी समस्या का समाधान होगा.

विरोधी परास्त होंगे

पूरे सावन माह में आप प्रातः काल स्नान करने के बाद शिवालय में जाकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर काले तिल और दही को अर्पित करें. यह आपके लिए अति उत्तम होगा और इससे आपके विरोधी परास्त होंगे.

परिवार में रहेगी संपन्नता

सावन में गरीबों को भोजन कराने और दान करने से परिवार में हमेशा संपन्नता बनी रहती है. सावन में मंदिर में फल व कपड़े आदि दान करने से आपके घर में हमेशा भगवान शिव की असीम कृपा बनी रहती है.

श्रावण मास में कुल चार सोमवार

इस बार श्रावण मास में कुल 4 सोमवार पड़ेंगे, जो शिवभक्तों के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। सावन में सोमवार के दिन व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि यह व्रत खास फलदायी होता है। यदि आप भी सावन का व्रत रखने वाले हैं, तो अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए इस व्रत को करें। गर्मी बहुत पड़ रही है, ऐसे में देर तक भूखे रहना आपके लिए ठीक नहीं होगा। कुछ लोग फलाहार करते हैं, तो कुछ लोग दिन भर का उपवास रखते हैं और शाम के समय अन्न ग्रहण करते हैं।

किन्हें नहीं करना चाहिए सावन का व्रत

डायबिटीज रोगियों को व्रत करने से बचना चाहिए।

सर्जरी या किसी गंभीर बीमारी का इलाज कराने वालों को व्रत करने से बचना चाहिए।

शरीर में खून की कमी होने पर ना करें सावन का व्रत।

फेफड़ों, लिवर, हार्ट, किडनी संबंधित बीमारी होने पर यह व्रत ना करें।

गर्भवती महिलाओं को भी सारा दिन भूखे रहने वाला व्रत करने से बचना चाहिए।

सही मायने में सारी सृष्टि भगवान शिव में समाई हुई है। मंदिरों में भगवान शिव की सबसे अधिक पूजा शिवलिंग रूप में की जाती है। ऐसे में श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना करके अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है। शिवलिंग भगवान शिव की सृजनात्मक शक्ति का परिचायक है। भगवान शिव के चार प्रमुख आयुध हैं। जिनमें त्रिशूल, डमरू, मृग और परशु है। इसमें त्रिशूल त्रिगुण का प्रतीक है। डमरू ब्रह्म का प्रतीक है। भगवान शिव का नाम मृगधर है। मृगवेद है जिसे वे कभी अपने हाथ से अलग नहीं करते हैं। हमेशा इनकी रक्षा में तत्पर रहते हैं। आइए जानते हैं भगवान शिव की साधना से जुड़े कुछ दिव्य मंत्र जिनका जाप करने से औढरदानी कहलाने वाले भगवान शिव अपने भक्तों पर शीघ्र ही कृपा बरसाते हैं।

सुख-समृद्धि और सौभाग्य के लिए- परिवार की सुख-समृद्धि और सौभाग्य के लिए पवित्र श्रावण मास में शिव साधक को शिव ऐश्वर्य लक्ष्मी यंत्र स्थापित करके नीचे दिए गए मंत्र का 101 बार पूरी श्रद्धा एवं विश्वास के साथ जप करना चाहिए।

साम्ब सदाशिवाय नम

मुकदमे में विजय पाने के लिए- कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामले में विजय के लिए नीचे दिये गये भगवान शिव के मंत्र को 36 बार जपें। **क्रीं नमः शिवाय क्रीं**

स्वास्थ्य लाभ और अच्छी सेहत के लिए- यदि आप भगवान भोलेनाथ से अच्छी सेहत का आशीर्वाद पाना चाहते हैं या फिर किसी बीमार व्यक्ति की सेहत में सुधार की कामना रखते हैं तो आपको भगवान शिव के महामृत्युंजय मंत्र का पूरी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ जाप करना चाहिए।

।। हौं जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् उर्वारुकमिव बन्धनान्मृ त्योर्मुक्षीय मामृतात् स्वः भुवः भूः सः जूं हौं ।।

गंगाजल, रुद्राक्ष, भस्म, चांदी का त्रिशूल का महत्व

हिंदू धर्म में गंगाजल को सबसे पवित्र माना गया है. मान्यता है कि सोमवार के दिन शिवलिंग पर गंगाजल से अभिषेक करने से आपकी सभी मनोकामानाएं पूरी हो जाती है. पौराणिक ग्रंथों के अनुसार, सोमवार के दिन अगर घर के किचन में गंगाजल रखा जाएं तो आपकी किस्मत बदल जाती है. इस उपाय को करने से घर में सुख-समृद्धि बढ़ती है. इसके अलावा परिवार के सदस्यों के बिगड़े या फिर रुके हुए काम भी बनने लग जाते हैं.

रुद्राक्ष बहुत शुभ माना जाता है. ये भगवान शिव की प्रमुख चीजों में से एक है. मान्यता है कि सावन में सोमवार को अगर रुद्राक्ष लाकर घर के मुख्य कमरे में रखने से भाग्य बदल जाता है. इस उपाय को करने से घर की आर्थिक तंगी दूर हो जाती है. इसके अलावा घर के सदस्यों का मान सम्मान भी बढ़ता है. घर में रुद्राक्ष रखने से सकारात्मक उर्जा का वास होता है.

सावन के महीने में शिव जी की मूर्ति के साथ भस्म रखने से भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं. भोलनाथ को भस्म अति प्रिय है. वो अक्सर अपनी शरीर पर इसे धारण करते हैं. सावन के महीने में इस उपाय को करने से आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाएंगी.

सावन के महीने में सोमवार के दिन को तांबे या चांदी का त्रिशूल ड्राइंग रूम में रखने से घर की नकारात्मक उर्जा दूर हो जाती है. ज्योतिषों के अनुसार, सावन में डमरु लाना भी शुभ माना गया है. अगर आपका काम कई दिनों से रुका हुआ है तो तांबे या चांदी के नाग- नागीन का जोड़ा बनावकर घर के मुख्य दरवाजे के नीचे दबा देना चाहिए. इससे आपके सभी परेशानियां कुछ ही दिनों में दूर हो जाएंगी. सावन माह में रुद्राभिषेक कराने का विशेष महत्व है. भगवान शिव को रुद्राभिषेक बहुत प्रिय है. इस पवित्र माह में आप परिवार सहित मंदिर में जाकर या घर पर ही रुद्राभिषेक कर सकते हैं.

इससे भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होंगे और उनकी कृपा आपके ऊपर बनी रहेगी. गन्ने के रस और गंगाजल को मिलाकर रुद्राभिषेक कराए तो और भी बेहतर होगो.

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ईश्वर ने जब

ईश्वर ने जब गढ़ा इंसान तो उसके मन में बोएं बीज प्रेम और छल के प्रेम को बनाकर ईश्वर ने बचाया सृष्टि को और छल बनाकर बचाया स्वयं को क्योंकि प्रेम में छले जाने के बाद ही पत्थर बने इंसान को आता है समझ कि पत्थरों में भी होती है जान!

- रूबी प्रसाद

सोलह सौ इक्कीस

सोलह सौ इक्कीस में जन्मे, अमृतसर पंजाब में त्यागराज थे पहले, बन गए तेगबहादुर बाद में नवम गुरु बनकर सिक्खों को राह धर्म की दिखलाई प्रथम गुरु नानक जी की शिक्षा फिर से ही दोहराई उनके द्वारा रचित पद्य,गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल है हिंद की चादर का सम्मान,उसी शिक्षक को हासिल है प्राणों का बलिदान दिया, निज धर्म को ही अपनाने में ऐसे योद्धा सदियों तक, फिर होंगे नहीं जमाने में। **- जे डी कुदाल**

खास पाती | बरस रहे अंगारे सावन में अब

बरस रहे अंगारे सावन में अब तो आसमानों से भोग रहे करम विकास के, सभी सियासतदानों से शहरों से दूर हो रहे पेड़, ऊंचे भव्य मकानों से खबर सुन बस चिंतित सब, मगर जूं न रेंगे कानो से लगाए पेड़ भी बचे नही, बेरहम उन शैतानों से धूल उड़ाते गुजर रहे , साहब की कार शानो से वक्त अब भी बचा है शेष, गंवाये न इसे बहानों से जगे जनता खुद की खातिर, न रखे उम्मीद हुक्मरानों से। **- संत आर थवाईत**

सवाल ये है कि सदा सर्वदा



सवाल ये है कि सदा सर्वदा से शोषित स्त्रियों के जीवन मे क्या बदला नया क्या है नया ये है कि स्त्रियों की नौकरी लगी तो एटीम पति की पाकेट मे चला गया मुखिया सरपंच बनी तो मुखिया पति और सरपंच पति का पद मुखिया सरपंच से ज्यादा शक्तिशाली हो गया हक की आवाज उठाई तो अदालत का रास्ता दिखा दिया गया कानून के कहा बेटी का हक बराबर है तो मयके के दरवाजों का सांकल चढ़ा दिया गया जख्म तो वही पुराना है बस समय के साथ और गहरे होते नासूरों पर मर्हम नया लगा दिया गया।

- कुमुद रंजन झा

मुश्किलें बहुत है जीवन प्रकृति की

मुश्किलें बहुत है जीवन प्रकृति की सुंदर रचना है कभी मुस्कुराती है कभी तूफान मचाती है समंदर की लहरें तालाब का स्थिर पानी नदी का बहता पानी जीवन की ब्यथा कुछ कहती है होठों पर जब जब ज्बातें उभरती है सावन की ओ पहली फुहारें मन को उमंगित करती हैं सब कुछ धुंधला लगता है जब प्यार 'साहिल ; मन में अंगड़ाई लेता है। **- लक्ष्मी नारायण लहरे**

80-90 के दशक में पर्चे छपवाकर

80-90 के दशक में पर्चे छपवाकर लोगों को डराया जाता था कि रिक्शावाले ने हजार पर्चे छपवाये तो उसे जमीन में गड़ा ÷खजाना÷ मिला। एक व्यापारी ने पर्चा फाड़ दिया तो उसका बेटा मर गया। अब पर्चे की जगह वाट्स एप ने ली है। इससे साबित होता है कि भारतवर्ष में 'टेक्नोलॉजी' भले बदलती रहेगी लेकिन 'मूर्खता' कभी नहीं बदलेगी। **- संतोष कुमार मिश्रा**

बड़े खुलूस से मिलते हैं

बड़े खुलूस से मिलते हैं लोग कहने को ये शहर आज मुझे साज़िशों का लगता है बुझा दिए चिराग तुमने मेरी उल्फ़त के नहीं कुसूर मुझे आँधियों का लगता है। **- नीरू श्रीवास्तव**

हर किसी से गिला कर रहा

हर किसी से गिला कर रहा है। यूं हमें रुसवा कर रहा है।। देख तू अब ख़ता कर रहा है। आग को तू हवा कर रहा है।। हम लगे भूलने रंजिशें पर, हर क़दम तू दगा कर रहा है। खुद रहा ता उमर गुमशुदा वो, और मेरा पता कर रहा है। रोग बनकर लगा जान को जो, दर्द की वो दवा कर रहा है। मंजिले हो गई आज आसां कौन जाने दुआ कर रहा है। हाथ दिल पर लगा कर बता,क्या देश का हक़ अदा कर रहा है।

- आशा पाण्डेय ओझा

स्नेह का धागा और संवाद की

स्नेह का धागा और संवाद की सुई उधड़ते रिश्तो की तुरपाई कर देती है । कुछ हँसकर बोल दिया करो कुछ हँसकर टाल दिया करो। परेशानियाँ तो बहुत हैं यहाँ कुछ वक़्त पर डाल दिया करो।

- कमलकांत डोंगरे

QUIZ TIME

1) भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक की स्थापना कब की गई थी?
2) शहद का मुख्य अवयव क्या है?
3)मानव शरीर में मस्तिष्क का वह भाग, जो संवेगात्मक क्रियाओं को नियंत्रित करता है-
4) अवांछित वाणिज्यिक ई-मेल को आमतौर पर क्या कहते हैं?
5) पॉलीग्राफमशीन या 'लाई डिटेक्टर' का आविष्कार वर्ष 1921 में किसने किया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 20 मार्च, 1985 (2) फ्रक्टोज (3) हाइपोथैलेमस (4) स्पैम (5) जॉन ऑगस्टस लार्सन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1689 फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1722 फादर्स रैली वार मेन और मैसाचुसेट्स सीमा के साथ आरम्भ हुआ। 1759 युद्ध के दौरान ब्रिटिश सेना ने फ्रांस से फोर्ट नीयाग्रा पर कब्जा कर लिया। 1813 भारत में पहली बार नौका दौड़ प्रतियोगिता कलकत्ता (अब कोलकाता) में आयोजित हुई। 1837 इलेक्ट्रिक टेलिग्राफ के इस्तेमाल का पहली बार सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया। 1854 वाल्टर हंट को पहले पेपर शर्ट कॉलर का अमेरिकी पेटेंट हासिल हुआ। 1893 कोरिंथ नहर को औपचारिक रूप से खोला गया था। 1898 स्पैनिश-अमेरिकी युद्धः दो महीने के समुद्र-आधारित बमबारी के बाद अमेरिका ने प्यूर्टो रिको पर आक्रमण किया। 1909 बार्सिलोना शहर में श्रमिकों ने विद्रोह आरम्भ किया। 1938 फ़िलिस्तीन की एक मंडी में दो बम विस्फोटों में 62 लोग मारे गये और लगभग 100 अन्य घायल हो गये। 1943 फ़ासीवाद की ग्रैंड काउंसिल ने बिना विश्वासपात्र बेनिटो मुसोलिनी के प्रस्ताव पर मतदान किया। 1957 कनाडा में वाटरलू विश्वविद्यालय ओंटारियो शहर में स्थापित किया गया। 1957 फ्रांस से स्वतंत्रता प्राप्त करने के एक साल से अधिक समय बाद ट्यूनीशिया ने अपने राजशाही हुसैनिद राजवंश को समाप्त कर दिया। 1963 अमेरिका, रूस और ब्रिटेन ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किए। 1977 नीलम संजीव रेड्डी भारत के छठे राष्ट्रपति बने। 1982 जैल सिंह भारत के 7वें राष्ट्रपति बने। 1987 रंगास्वामी वेंकटरमण आठवें राष्ट्रपति बने।

'ब्लर' में डबल रोल निभायेगी तापसी पन्नू

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी आने वाली फिल्म 'ब्लर' में डबल रोल निभाती नजर आयेंगी। तापसी पन्नू ने अपने प्रोडक्शन में बनने वाली पहली फिल्म 'ब्लर' की शूटिंग नैनीताल में शुरू कर दी है। इस सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में तापसी पन्नू डलब रोल में नजर आएंगी।

'ब्लर' के साथ तापसी अपने प्रोडक्शन हाउस आउटसाइडर्स फिल्म्स की शुरूआत कर रही हैं। 'ब्लर' निर्देशक गुइलम मोरालेस की सस्पेंस थ्रिलर स्पेनिश फिल्म 'जूलियाज आईज' की रीमेक है। फिल्म ब्लर का निर्देशन अजय बहल कर रहे हैं। गुलशन देवैया इस फिल्म में तापसी के अपोजिट नजर आने वाले हैं।

पवन सिंह का नया गाना 'शिवाला प सोमारी' रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह का गाना 'शिवाला प सोमारी' रिलीज हो गया है। सावन महीना के आगमन पर पवन सिंह का स्पेशल गाना 'शिवाला प सोमारी' रिलीज हो गया है। पवन का यह

गाना शुभ लाभ फ़िल्म के बैनर तले रिलीज किया गया है।इस गाने के म्यूजिक वीडियो में पवन के साथ जिया रॉय नज़र आ रही हैं। यह गाना लोगों को बाबा भोले के लिए भक्ति भाव से ओत प्रोत कर देने वाला है, जिस वजह से पवन के चाहने वालों के अलावा बाबा भोलेनाथ के भक्त भी इस गाने को बार-बार सुन रहे हैं। गाना 'शिवाला प सोमारी' का लिरिक्स रौशन सिंह विश्वास का है। म्यूजिक प्रियांशु सिंह हैं। कोरियोग्राफर राहुल यादव हैं और कांसेप्ट दीपक सिंह का है।

'कैप्टन इंडिया' में पायलट के किरदार में नजर आयेंगे कार्तिक

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी आने वाली फिल्म 'कैप्टन इंडिया' में पायलट के किरदार में नजर आयेंगे।

कार्तिक आर्यन की नई फिल्म 'कैप्टन इंडिया' की घोषणा कर दी गई है। इस बात की जानकारी कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर 'कैप्टन इंडिया' का पहला पोस्टर शेयर कर दी। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ÷जब एक आदमी कॉल ऑफ ड्यूटी (कर्तव्य की पुकार) से आगे बढ़ जाए। बड़े गर्व और सम्मान के साथ हम आपके लिए लाए हैं 'कैप्टन इंडिया'।÷

हंसल मेहता के निर्देशन में बन रही फिल्म 'कैप्टन इंडिया' में कार्तिक एक पायलट के किरदार में नजर आएंगे।

प्रभास के साथ काम करेंगे अमिताभ बच्चन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने दक्षिण भारतीय स्टार प्रभास के साथ अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग आज से शुरू कर दी है। अमिताभ बच्चन जल्द ही प्रभास के साथ निर्देशक नागा अश्विन की फिल्म में नजर आएंगे। अमिताभ ने आज से इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीस कर रहा है। अमिताभ बच्चन फिल्म की शूटिंग के लिये हैदराबाद पहुंच गए हैं। नागा अश्विन इस फिल्म के पहले शूटिंग शेड्यूल में अमिताभ बच्चन के अलावा फिल्म से जुड़े बाकी कलाकारों के साथ एक दमदार सीन शूट करने वाले हैं।

वूट पर 'बिग बॉस ओटीटी' को होस्ट करेंगे करण जौहर

मुंबई, (वार्ता)। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार करण जौहर, ओटीटी वूट पर 'बिग बॉस ओटीटी' को होस्ट करेंगे। वूट पर चलने वाले छह सप्ताह के बिग बॉस ओटीटी शो के लिए करण जौहर बिग बॉस ओटीटी के नाटक और मेलोड्रामा की एंकरिंग करेंगे। बिग बॉस ओटीटी, 08 अगस्त को अभूतपूर्व पहुंच, जुड़ाव और अन्तरक्रियाशीलता के साथ दर्शकों को प्रतियोगियों की यात्रा में खुद को खो जाने के लिए सशक्त करेगा। पहली बार, बिग बॉस के प्रशंसकों को घर से सभी प्रमुख ड्रामा और एक्शन 24*7 लाइव देखने का मौका मिलेगा।

इसके अलावा बिगबॉस फैन्स को वूट पर एक घंटे का एपिसोड दिया जाएगा इसके अलावा दर्शकों को एक्सक्लूसिव कट्स, 24 घंटे कंटेंट और पूरी तरह से इंटरेक्टिव संस्करण देखने का भी मौका मिलेगा। वूट पर बिग बॉस ओटीटी होस्ट के रूप में अपनी नई भूमिका पर, करण जौहर ने कहा, ÷मेरी माँ और मैं बिग बॉस के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और इसे एक दिन के लिए भी मिस नहीं करते है।

'हीरोपंती 2' के लिए कड़ी मेहनत कर हैं टाइगर श्रॉफ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ अपनी आने वाली फिल्म 'हीरोपंती 2' के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। टाइगर श्रॉफ की फिल्मों में बेहतरीन स्टंट्स और एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलते हैं। टाइगर अपनी बॉडी को फिट रखने और पर्दे पर जबरदस्त दिखने के लिए काफी मेहनत करते हैं। टाइगर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'हीरोपंती 2' की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म में वह धमाकेदार एक्शन और डांस करते नजर आएंगे। टाइगर ने फिल्म के सेट से सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह डंबल्स उठाते दिखाई दे रहे हैं। इसे शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, ÷एक्शन के लिए तैयार।÷ फिल्म में टाइगर के अपोजिट कृति सैनन को कास्ट किया गया है। इससे पहले दोनों 'हीरोपंती' में भी साथ नजर आए थे।

न्यूज गैलरी

यश पैका ने पल्प एंड पेपर इंडस्ट्री के लिए लॉन्च किया यश स्किल्स

नई दिल्ली (वार्ता)। टिकाऊ पैकेजिंग समाधान प्रदाता, यश पैका ने इस क्षेत्र में प्रशिक्षण और विकास को बढ़ावा देने के लिए यश स्किल्स को लॉन्च किया है। कंपनी ने आज यहां बताया कि अपने नए विंग के साथ अयोध्या स्थित कंपनी का उद्देश्य उद्योग के भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं के बीच विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता का निर्माण करना एवं उद्योग की कौशल आवश्यकता की पूर्ति करना शामिल हैं। कौशल कार्यक्रम अग्रणी संस्थानों और उद्योग निकायों जैसे आईएमएफए, एनसीवीटी, आईआईपीएम से संबद्ध होंगे। अपने ज्ञान के आधार को बढ़ाकर छात्रों के बीच भविष्य की तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इसे डिज़ाइन किया गया है।

इक्वाडोर के साइक्लिस्ट रिचर्ड कारापाज ने टोक्यो ओलंपिक में जीता स्वर्ण

टोक्यो (वार्ता)। इक्वाडोर के साइकिल चालक रिचर्ड कारापाज ने यहां शनिवार को टोक्यो ओलंपिक में पुरुष साइक्लिंग सड़क दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। कारापाज ने अत्यधिक सहनशक्ति का प्रदर्शन करते हुए अंतिम दो किलोमीटर में छह घंटे पांच मिनट और 26 सेकेंड के विजयी समय के साथ स्वर्ण हासिल किया। पुरुष साइकिलिंग सड़क दौड़ में बेल्जियम के वाउट वान एर्ट ने रजत, जबकि स्लोवेनिया के टूर डी फ्रांस चैंपियन ताडेज पोगाकर ने कांस्य पदक जीता। दौड़ का मार्ग 234 किलोमीटर लंबा था जो टोक्यो के मुसाशिनोमोरी पार्क में शुरू होकर शिजुओका प्रांत में फूजी इंटरनेशनल स्पीडवे पर समाप्त हुआ। । कुल 128 साइकिल चालकों ने दौड़ में भाग लिया।

टोक्यो ओलंपिक में दक्षिण कोरिया को तीरंदाजी में पहला स्वर्ण

टोक्यो (वार्ता/शिन्हुआ)। पारंपरिक तीरंदाजी महाशक्ति दक्षिण कोरिया ने शनिवार को टोक्यो ओलंपिक में पहला स्वर्ण पदक जीत लिया। आन सान और किम जे देवक की जोड़ी ने तीरंदाजी के मिश्रित टीम फाइनल में नीदरलैंड के गैब्रिएला श्लोसेर और स्टीव विजलर को 5-3 से हराकर देश को पहला स्वर्ण दिलाया। नीदरलैंड को रजत, जबकि मेक्सिको ने कांस्य पदक जीता।

कॉग्निजैंट ने सरकारी स्कूलों को दिए टैबलेट व लैपटॉप

नई दिल्ली (वार्ता)। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी कॉग्निजैंट ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा के सरकारी स्कूलों को करीब दो करोड़ रुपए के टैबलेट्स और लैपटॉप दान दिय है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नोएडा के होशियारपुर के गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित एक समारोह में सरकारी स्कूलों को 506 टैबलेट्स एवं 20 इंटरनेट इनेबल्ड लैपटॉप दिए गए हैं।

हरियाणा में गुरुग्राम के जैकबपुरा के गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल में आयोजित एक समारोह में सरकारी स्कूलों को 609 टैबलेट्स एवं 20 इंटरनेट इनेबल्ड लैपटॉप दान किए गए है।

एनसीआर में यह वितरण अभियान कॉग्निजैंट के देशव्यापी 'डिजिटल स्कूल्स' अभियान का हिस्सा है, जो निर्माण संगठन के साथ साझेदारी में क्रियान्वित किया जा रहा है।

कॉग्निजैंट द्वारा लॉन्च किए गए 'डिजिटल स्कूल्स' अभियान का उद्देश्य डिजिटल अंतर को दूर करना एवं सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को शिक्षा की उपलब्धता प्रदान करना है।

उत्तर प्रदेश में यह अभियान क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 एवं 10 के 506 से ज्यादा विद्यार्थियों और 15 से ज्यादा स्कूली टीचर्स को लाभान्वित करेगा। कॉग्निजैंट ने इन डिजिटल सेवाओं के लिए 93.3 लाख रुपए का योगदान दिया है।

हरियाणा में यह अभियान क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 एवं 10 के 609 से ज्यादा विद्यार्थियों और 25 से ज्यादा स्कूली शिक्षक को लाभान्वित करेगा। कॉग्निजैंट ने इन डिवाइसेस के लिए 1.08 करोड़ ररुपए से ज्यादा योगदान दिया है।

डिजिटल स्कूल अभियान के तहत, कॉग्निजैंट छह राज्यों के नौ शहरों में 6.7 करोड़ रुपयों की लागत से इंटरनेट युक्त 3,730 टैबलेट्स एवं 188 लैपटॉप का दान करेगा। निर्माण ऑर्गेनाईज़ेशन एवं सीबीएम इंडिया ट्रस्ट (दोनों गैरलाभकारी) को क्रियान्वयन पार्टनर बनाया गया। यह परियोजना अगले एक साल में चरणबद्ध रूप से तेलंगाना, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र में निर्माण द्वारा एवं कोलकाता में सीबीएम इंडिया ट्रस्ट द्वारा क्रियान्वित की जाएगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम की विजयी शुरुआत, न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया

टोक्यो (वार्ता)। ओलंपिक खेलों में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म करने की पूरे देश की उम्मीदों पर खरे उतरते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में अपने ग्रुप स्टेज अभियान में विजयी शुरुआत करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में 3-2 से शानदार जीत दर्ज की है।

कांटे के इस मुकाबले में भारत ने आक्रामक शुरुआत की। मनदीप सिंह ने नीलकांत शर्मा की सहायता से तीसरे मिनट में भारत के लिए शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किया, हालांकि वह इसे गोल में तब्दील नहीं कर पाए। इस बीच न्यूजीलैंड ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किया और केन रसेल ने इसे गोल में बदला, लेकिन भारत ज्यादा देर तक पीछे नहीं रहा और रुपिंदर पाल सिंह ने दसवें मिनट में गोल करते हुए भारतीय टीम का खाता खोला, जबकि हरमनप्रीत सिंह ने 26वें और 33वें मिनट में गोल दाग बढ़त में इजाफा किया, लेकिन यह अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश थे, जिन्होंने मैच के अंतिम क्षणों में न्यूजीलैंड को बराबरी करने से रोकने के लिए गोल पोस्ट में उत्कृष्ट काम किया और टीम को बढ़त बनाए रखने में मदद की, जिससे मैच टीम के पक्ष में गया। पहला क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर हुई। न्यूजीलैंड ने भारत के पेनल्टी कॉर्नर डिफेंस को व्यस्त रखा। क्वार्टर के अंत में न्यूजीलैंड को चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार डिफेंस से न्यूजीलैंड को स्कोर करने से रोका।

शक्ति पंप्स ने पहली तिमाही में स्मार्ट लाभ दर्ज किया

पीथमपुर/ इंदौर/ मुंबई। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने नए वित्तीय वर्ष 2021-22 की जोरदार शुरुआत की है। क्ता स्न्ङ्ग21 में ?92.20 करोड़ की तुलना में, कंपनी ने 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए 156.31 करोड़ पर समेकित शुद्ध राजस्व दर्ज किया जो कि 69.5% की वृद्धि है। शक्ति पम्पस के शुद्ध लाभ ने भी स्मार्ट लाभ दर्ज किया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 की पहली तिमाही में ? 7.29 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो क्ता स्न्ङ्ग21 में ?3.31 करोड़ था जो 120त्न ज्यादा है। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दिनेश पाटीदार ने कहा - ÷हमें खुशी है कि वित्त वर्ष 2021-22 की शुरुआत अच्छी हुई है। यह प्रदर्शन संतोषजनक है क्योंकि इस तिमाही ने देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लॉकडाउन के विभिन्न स्तरों का सामना किया है। तिमाही के दौरान, पीएम-

कुसुम योजना की बदौलत हमारा घरेलू सोलर पंप बाजार मजबूत बना रहा। डीजल की कीमत में वृद्धि के साथ, निश्चित रूप से सोलर पम्पस के महत्व पर पर्याप्त जोर दिया जा सकता है। इसी संदर्भ में देश की कृषि-अर्थव्यवस्था और ऊर्जा क्षेत्र के लिए पीएम-कुसुम योजना की विशाल क्षमता सामने आई है। श्री पाटीदार ने आगे कहा पिछले वित्तीय वर्ष में केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए कुल 50,000 में से 15000 सोलर पम्पस एवं अन्य राज्य सरकारों द्वारा 6500 पम्पस के बाद, हम अब और अधिक पम्पस लगाने को लेकर

10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में सातवें स्थान पर रहे सौरभ चौधरी

टोक्यो (वार्ता)। क्वालिफाइंग राउंड में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद भारत के प्रमुख युवा निशानेबाज सौरभ चौधरी टोक्यो ओलंपिक्स में शनिवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सातवें स्थान पर रहे। असाका शूटिंग रेंज में फाइनल में सौरभ ने फ़ाइनल में धीमी शुरुआत की और पहले 10 शॉट में 96.8 का स्कोर ही कर सके जिससे उनकी पदक उम्मीदों पर गहरा असर पड़ा। पहले एलिमिनेशन चरण जो टाई ब्रेक था, चौधरी ने 10.2 का स्कोर किया जिससे वह दक्षिण कोरिया के किम मॉस से आगे निकलकर सातवें स्थान पर रहे। मॉस को आखिरी स्थान मिला। छठे स्थान के लिए भी लगभग शूट आउट था। सौरभ ने 10.6 और 9.8 के स्कोर सहित कुल 137.4 का स्कोर किया। उनके प्रतिद्वंद्वी चीन के बोवेन झांग ने कुल 137.7 का स्कोर कर सौरभ को सातवें स्थान पर धकेल दिया।

दीपिका और प्रवीण की तीरंदाज जोड़ी क्वार्टर फाइनल में बाहर

टोक्यो (वार्ता)। दीपिका कुमारी और प्रवीण जाधव की भारतीय तीरंदाजी मिश्रित टीम यहां शनिवार को टोक्यो ओलंपिक में तीरंदाजी मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मैच में कोरियाई जोड़ी आन सान और किम जे देव से 2-6 से हार कर बाहर हो गई। इस संघर्षपूर्ण मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरियाई खिलाड़ियों ने पहला सेट 35-32 से जीता, जबकि दीपिका और प्रवीण ने दो 8एस और 7एल का स्कोर बनाया। दूसरे सेट में प्रवीण ने अपने दो प्रयासों में दो परफेक्ट 10 एस बनाए, लेकिन दीपिका के एक 8 के कारण कोरियाई टीम ने सेट को एक अंक से यानी 38-37 से जीत लिया और अपनी बढ़त 4-0 कर ली। इसके बाद हालांकि भारतीय जोड़ी ने तीसरे सेट में वापसी की, जब कोरिया के आन सान और किम जे देव अपने अंतिम दो शॉट्स में 19 अंक बनाने में विफल रहे, जिससे कोरिया की बढ़त 4-2 हो गई, लेकिन भारतीय तीरंदाज इस लय को बनाए रखने में विफल रहे और चौथे सेट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। अंत में भारतीय जोड़ी टोक्यो में अपने मिश्रित टीम अभियान को 36-33 के सेट से समाप्त कर हार गई। उल्लेखनीय है कि भारतीय तीरंदाज पुरुष व्यक्तिगत एवं टीम स्पर्धाओं और महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में बने हुए हैं।

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मणिका और सुतिर्था दूसरे राउंड में

टोक्यो (वार्ता)। भारतीय महिला टेंबल टेनिस खिलाड़ी मणिका बत्रा और सुतिर्था मुखर्जी के यहां शनिवार को शानदार जीत के साथ महिला एकल टेबल टेनिस स्पर्धा के दूसरे राउंड में पहुंचने के बाद टोक्यो ओलंपिक की टेबल टेनिस स्पर्धा में भारत की पदक उम्मीद बरकरार है। मनिका ने जहां ग्रेट ब्रिटेन की टिन-टिन हो को एकतरफा अंदाज में 4-0 (11-7, 11-6, 12-10, 11-9), जबकि सुतिर्था ने स्वीडन की लिंडा बर्गस्ट्रॉम को कड़े संघर्ष में 4-3 (5-11, 11-9, 11-13, 9-11, 11-3, 11-9, 11-5) से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। मणिका इस जीत के साथ ओलंपिक की महिला एकल स्पर्धा में 29 साल में पहला मैच जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। दूसरे राउंड में उनका सामना यूक्रेन की मार्गरीटा पेसोत्स्का से होगा, जो यूरोपीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता हैं।

उधर सुतिर्था मुखर्जी का दूसरे राउंड में पुर्तगाल की यू फूसे सामना होगा।

प्रक्रिया मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने इसका स्वागत किया

आदित्य बिरला ग्रुप पंजाब में करेगा पंद्रह सौ करोड़ का निवेश

चंडीगढ़ (वार्ता)। आदित्य बिरला ग्रुप पंजाब में पेंट यूनिट स्थापित करने के लिए 1000 करोड़ रुपए का निवेश करने के अलावा राजपुरा में 500 करोड़ रुपए की लागत से सीमेंट का यूनिट स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने इसका स्वागत किया है। लुधियाना में हाल में विकसित हाई-टेक वैली में 147 करोड़ की कीमत वाले 61 एकड़ ज़मीन के लिए आवंटन पत्र सौंपते समय मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निवेश से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पंजाब ने संभावित उद्यमियों और उद्योगपतियों को अनुकूल माहौल देने की पेशकश की है क्योंकि

राज्य में शांतमयी कामगार, बेहतर सडक़ें, रेल और हवाई संपर्क के रूप में ठोस बुनियादी ढांचा मौजूद है। पंजाब ने मुल्क में लॉजिस्टिक को आसान बनाने में दूसरा रैंक हासिल किया है और राज्य पूर्वी और पश्चिमी फ्रेट कॉरिडोर के साथ जुड़ जायेगा। कैप्टन सिंह ने कहा कि पंजाब निवेश के लिए पसंदीदा राज्य बनकर उभरा है क्योंकि 'निवेश पंजाब' के तौर पर वन स्टॉप शॉप के साथ बीते चार सालों के दौरान प्राप्त हुए 2900 से अधिक प्रोजेक्टों के प्रस्तावों के द्वारा 91 हजार करोड़ रुपए के व्यापक निवेश में बेरोक सुविधा मुहैया करवाई है। इन व्यापक निवेशों में से 50 प्रतिशत प्रोजैक्ट व्यापारिक उत्पादन शुरू कर चुके हैं और कोविड-19 महामारी के चरम दौरान भी राज्य ऐसा निवेश लाने के समर्थ रहा है।

मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला ,जो मुम्बई से वर्चुअल तौर पर मीटिंग में शामिल हुए, ने पंजाब की औद्योगिक वातावरण प्रणाली में भरोसा प्रकट किया और औद्योगिक नीतियों और हस्तक्षेप रहित मंजूरियों की आशा अभिव्यक्ति। उन्होंने राज्य में निवेश लाने के लिए पंजाब सरकार द्वारा दिखाई तेज़ी की प्रशंसा करते हुए हर कदम पर सहयोग देने के लिए प्रशंसा की।

श्री बिरला ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि पेंट मैनुफ़ेक्चरिंग यूनिट से 600 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजग़ार के प्रत्यक्ष मौके और कार्यशील होने पर रोजग़ार के अप्रत्यक्ष तौर पर 1500 मौके पैदा होने की संभावना है। इस प्लांट में ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज होने पर पर्यावरण सुरक्षित होगा। भविष्य में ऐसे और प्रोजेक्टों की स्थापित के लिए निरंतर सहयोग की उम्मीद रखते हुए श्री बिरला ने कहा कि पंजाब अब उनकी प्राथमिक सूची में है। ज्ञातव्य है कि आदित्य बिरला समूह विश्व स्तर पर 500 कंपनियों का एक संगठन है जिसने अपनी प्रमुख कंपनी ग्रैसीम इंडस्ट्रीज लि0 के जरिये अपने आने वाले पेंट कारोबार के उद्यम के लिए पंजाब को निवेश के लिए चुना है।

यूएनईएससीएपी के सर्वेक्षण में भारत का प्रदर्शन सुधरा

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत ने एशिया प्रशांत के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) के डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा पर ताजा वैश्विक सर्वेक्षण में 90.32 प्रतिशत अंक हासिल किया है। वर्ष 2019 में यह ।. 78.49 प्रतिशत था। भारत ने पारदर्शिता सूचकांक के लिए 100 प्रतिशत और व्यापार में महिलाओं की भागीदारी संबंधी घटक में 66 प्रतिशत स्कोर हासिल किया है। दुनिया भर की 143 अर्थव्यवस्थाओं के मूल्यांकन के बाद 2021 के सर्वेक्षण में सभी 5 प्रमुख संकेतकों पर भारत के स्कोर में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि दक्षिण एवं दक्षिण पश्चिम एशिया क्षेत्र (63.12 प्रतिशत) और एशिया प्रशांत क्षेत्र (65.85 प्रतिशत) की तुलना में भारत सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला देश है। भारत का समग्र स्कोर भी फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, नॉर्वे, फिनलैंड आदि कई ओईसीडी देशों के मुकाबले अधिक पाया गया है और उसका समग्र स्कोर यूरोपीय संघ के औसत स्कोर से अधिक है। भारत ने पारदर्शिता सूचकांक के लिए 100 प्रतिशत और व्यापार में महिलाओं की भागीदारी संबंधी घटक में 66 प्रतिशत स्कोर हासिल किया है। सीबीआईसी सुधारों की एक श्रृंखला के माध्यम से व्यक्ति रहित, कागत रहित और संपर्क रहित सीमा शुल्क की शुरुआत करने के लिए 'तुरंत' कस्टम्स की छत्रछाया में उल्लेखनीय सुधार करने में अग्रणी रहा है।

मंत्री अनिला भेड़िया के प्रयास से दो करोड़ की लागत से बनेगा विद्युत उपकेंद्र

■ **वनांचल में लो वोल्टेज की समस्या होगी दूर**

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया की पहल पर अब बालोद जिले के डौंडी ब्लॉक के 15 से अधिक गांव बिजली की रौशनी से जगमगाएंगे। श्रीमती भेंड़िया के प्रयासों से उनके विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिघवाड़ी ग्राम में विद्युत सब स्टेशन खोलने की मांग पूरी हो गई है। दिघवाड़ी में सब स्टेशन बन जाने से कई गांवों को लाभ मिलेगा। सब स्टेशन नहीं होने के कारण आमाडूला, चिहरो, दिघवाड़ी एवं आस-पास के लगभग 15 गांवों में विद्युत वोल्टेज की समस्या रहती थी। जिसके कारण अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने एवं ग्रामीणों को कई प्रकार की परेशानियों सामना करना पड़ता था।आदिवासी वनांचल क्षेत्र डौण्डीलोहारा में लो वोल्टेज और कई दिनों तक गांवों में बिजली नहीं होने की समस्या

के कारण ग्रामीणों द्वारा क्षेत्रीय विधायक और मंत्री श्रीमती भेंड़िया से दिघवाड़ी में सब स्टेशन खोलने की मांग की गई थी। इस पर श्रीमती भेंड़िया ने प्राथमिकता से संज्ञान लेकर विगत 26 मार्च को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी के प्रबंधक संचालक को पत्र लिखकर दीघवाड़ी में सब स्टेशन स्थापित करने के लिए विभागीय कार्रवाई करने के लिए कहा था। इस पर कार्यवाही करते हुए ग्राम दिघवाड़ी में 2 करोड़ 18 लाख रुपए लागत के 33/11 के.व्ही. के नवीन सब स्टेशन के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। समस्या का निदान होने पर ग्रामीणों में हर्ष की लहर है एवं क्षेत्र की जनता ने मंत्री भेड़िया का आभार व्यक्त किया है।

बरसों पुरानी समस्या से मिलेगी आजादी

ग्रामीणों ने कहा कि अगर उनके गांव में सब स्टेशन बनता है तो उन्हें वर्षों पुरानी लो वोल्टेज की समस्या से आजादी मिल जाएगी। आज भी ये गांव काफी बिजली के मामले में पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। सब स्टेशन बनने से ही इस इलाके का उद्धार संभव है। जिसको लेकर ग्रामीण कई बार मांग कर रहे थे। इसे कांग्रेस सरकार ने गंभीरता से लिया । क्योंकि यह मंत्री अनिला भेड़िया का विधानसभा क्षेत्र है इसलिए उन्होंने इसे प्रमुखता से लिया । इस पर प्रशासनिक स्वीकृति दिलवाई ।बहुत जल्द ही विद्युत उप केंद्र निर्माण कार्य शुरू होगा।

युकां उपाध्यक्ष अमितेश ने लगवाया पहला डोज

साजा । युवा कांग्रेस साजा ब्लाक उपाध्यक्ष अमितेश साहू ने कोरोना वेक्सिन टीका का पहला डोज लगवाया। टीका लगवाने के बाद उन्होंने युवा, जवान, बुजुर्ग, महिला सभी से वेक्सिन लगवाने की अपील की। साथ ही सभी से सुरक्षा नियमों मास्क, सोशल डिसटेंसिंग का पालन करने भी करने की बात कहीं।

अभ्युदय स्कूल में गुरुपूर्णिमा पर्व का आयोजन

कवर्धा। अभ्युदय स्कूल में प्रत्येक वर्ष गुरुपूर्णिमा का पर्व बड़े ही गरिमामय ढंग से मनाया जाता है. इसी श्रृंखला में इस वर्ष प्राचार्या श्रीमती व्ही शोभा जी द्वारा माँ सरस्वती पर माल्यार्पण कर इस कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया.

इस पर्व में महाभारत के रचियता महर्षि वेद व्यास जी की स्मृति बनाए रखने के लिए अपने गुरु को व्यास जी का अंश मानकर श्रद्धा-भक्ति से पूजन किया जाता है. इसी परम्परा का निर्वाह करते हुए अपूर्व तिवारी, अद्वित नायर, रियाना फीग्रेड, रेचल फीग्रेड, छाविशा रंगारी, परन श्रीवास्तव, संस्कार मिश्रा और विरेन्द्र विश्वकर्मा ने तिलक-अक्षत लगाकर श्रीफल, पान-सुपारी देकर अपने गुरुजनों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए. प्राचार्या श्रीमती व्ही शोभा जी ने बताया कि छात्रों में माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करने के संस्कार के बीज छात्र जीवन में बोए जाते हैं, जिससे वे एक अच्छे नागरिक बन सकें और विभिन्न क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकें।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी

गरियाबंद। जवाहर नवोदय विद्यालय राजिम के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र प्रसाद यदु ने बताया है कि कक्षा छठवीं प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 11 अगस्त 2021 दिन बुधवार को प्रातः 11:30 से दोपहर 01:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसका प्रवेश पत्र नवोदय के वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन में जाकर विद्यार्थी पंजीयन नंबर और पासवर्ड में अपना जन्मतिथि का प्रयोग करके प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। डॉ यदु ने सभी परीक्षार्थियों से परीक्षा केन्द्रों में शासन द्वारा जारी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए निर्धारित प्रवेश परीक्षा तिथि में शामिल होने कहा है।

पंचायत उप निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार पंचायत उप निर्वाचन 2021 कराये जाने हेतु 01 जनवरी 2021 के संदर्भ तारीख पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा सभी विकासखण्ड में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण एवं अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को संबंधित विकासखण्ड के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं संबंधित तहसीलदार को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने पंचायत उप निर्वाचन 2021 हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधित राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश दिये है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 12 अक्टूबर 2021 को किया जायेगा। जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों के कुल 44 रिक्त पद हेतु उप निर्वाचन कराया जायेगा। जिसके अनुसार जनपद सदस्य के 01, सरपंच के 01 एवं पंच के 42 पद रिक्त है।

एसपी अरविंद कुजुर ने प्रआ प्रदीप तिवारी एवं सुरेश राजपूत को स्टार व कैप लगाकर सउनि पर किया पदोन्नत

बेमेतरा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुजुर एवं अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा विमल कुमार बैस द्वारा बेमेतरा जिले में कार्यरत प्रधान आरक्षक प्रदीप तिवारी एवं सुरेश राजपूत को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक ऋअ'' वर्ग की योग्यता सूची वर्ष 2020 में लाये गये थे, जिन्हे प्रधान आरक्षक की पीपी कोर्स उत्तीर्ण करने के पश्चात सहायक उप निरीक्षक अ वर्ग के पद पर (विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पदोन्नति प्राप्त प्रधान आरक्षक को) स्टार व कैप लगाकर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुजुर द्वारा पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक प्रदीप तिवारी एवं सुरेश राजपूत को शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

किसान मोर्चा द्वारा विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन को लेकर किया गया बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। किसान मोर्चा कबीरधाम के द्वारा 26 जुलाई को होने वाले कवर्धा विधानसभा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन को लेकर बैठक आयोजित की गई। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में गुप्ता धर्मशाला में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बैठक प्रभारी पूर्व विधायक कवर्धा श्री अशोक साहू जी द्वारा कार्यकर्ता

को संबोधित किये तथा इस कार्यक्रम में सह प्रभारी के रूप में जिला भाजपा के उपाध्यक्ष श्री जसविन्दर बग्गा जी एवं जिला किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री भुनेश्वर चन्द्राकर एवं साथ में किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य श्री दिनेश मिश्रा जी , पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रकुमार सोनी भाजपा मंडल अध्यक्ष गजपाल साहू सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्ष प्रमुख रूप से उपस्थित थे। वही कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बोड़ला ब्लाक में धरना प्रदर्शन हेतू विवेकानंद परिसर में बैठक आयोजित किया गया, बोड़ला बैठक के किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री अनिल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री विजय शर्मा जी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं सह प्रभारी राजेंद्र चंद्रवंशी, किसान मोर्चा महामंत्री ओमप्रकाश वर्मा, बैठक में कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत के सभी मण्डल अध्यक्ष, किसान मोर्चा मण्डल के अध्यक्ष ,युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम का रूपरेखा तैयार करके काग्रेस सरकार के ढाई साल के वादा खिलाफी को लेकर के कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन कर माननीया राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौप करके ,सरकार के वादा खिलाफी को उजागर करने के लिए ,भाजपा प्रकोष्ठो के सभी कार्यकर्ता जिला संगठन के नेतृत्व में विधिवत होकर किसानो की समस्याओं के लिए एक जुट होकर राज्य सरकार के किसान विरोधी नीति को उजागर करने संकल्पित होकर बैठक में निर्णय लिया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सरकार की योजनाओं से...

को उड़ीसा से आवागमन करने वालों को चंदा मांग कर सड़क बनाना पड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार तरा गांव से 3000 बूढ़ा अमार से 4000 और मू डीबेड़ा गांव के लोगों से जेसीबी का सहयोग एवं कुहीमाल पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयं चंदा कर आवागमन के लिए अस्थाई सड़क निर्माण किया है। तब कहीं जाकर पंचायत एवं अमलीपदर मार्केट करने पहुंच पाते हैं।

विकास की उम्मीद अब भी है क्योंकि गांव के बसावट के बाद से ना कोई जिम्मेदार अधिकारी पहुंचे और ना ही जनप्रतिनिधि यह भी चुनाव के त्यौहार में ग्रामीण बराबर हिस्सा लेकर विकास की उम्मीद बनाए हुए हैं। मगर आज तक वह उम्मीद पर अधिकारी नेता खरा उतरने में असफल है । शायद ही वजह की कुसेल सेलपाड़ा के रहवासी अपनी बदहाल जिंदगी जीने को मजबूर है। क्योंकि नलकूप सड़क राशन कार्ड के साथ मूलभूत सुविधा के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों के साथ साथ पत्रों के माध्यम से अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। ताकि शुद्ध पेयजल के साथ सारी सुविधा उपलब्ध हो मगर अफसोस की बात है। कि अधिकारी ग्रामीणों के आवेदन पर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है तभी जमीनी हकीकत जानने आज तक ग्रामीणों के बीच नहीं पहुंच पाए हैं ।

टेक्नोलॉजी की वजह...

से खुफिया और कानून लागू करने वाली एजेंसियां इनक्रिप्टेड ऐप के तहत छिपाई गई सूचनाओं का पता लगाकर अपराध, आतंकवादी घटनाओं को रोक पाती हैं।''

21 सालों का सूखा...

खुश हूं, मैं पिछले पांच वर्षो से इसका सपना देख रही थी। इस समय मुझे खुद पर गर्व महसूस हो रहा है। मैंने स्वर्ण पदक की कोशिश की लेकिन रजत पदक भी मेरे लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है।' अमेरिका में ट्रेनिंग कर रही थीं चानू,

वह पिछले कुछ महीनों से अमेरिका में ट्रेनिंग कर रही थी। 2016 का अनुभव काफी खराब रहा था और उन्होंने इसके बारे में बात करते हुए कहा था कि बड़े मंच पर अपने पदार्पण के दौरान वह कितनी घबरायी हुई थी।

मां ने जो गिफ्ट में दिए थे ओलिंपिक में केवल वही याद रहा यह पूछने पर कि मणिपुरी होने के नाते इसके क्या मायने है तो उन्होंने कहा, 'मैं इन खेलों में भारत के लिये पहला पदक जीतकर बहुत खुश हूं। मैं सिर्फ मणिपुर की नहीं हूं, मैं पूरे देश की हूं।' शनिवार को चानू पूरे आत्मविश्वास से भरी थी और पूरे प्रदर्शन के दौरान उनके चेहरे पर मुस्कान रही। और उनके कान में ओलिंपिक रिंग के आकार के बूंदे चमक रहे थे जो उनकी मां ने उन्हें भेंट दिये थे।

तोक्यो में चानू चानू...

मणिपुर की इस भारोत्तोलक ने समय लेकर वजन उठाया। उन्होंने अगले प्रयास में 87 किग्रा वजन उठाया और फिर इसे बढ़ाकर 89 किग्रा कर दिया जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा से एक किग्रा ज्यादा था जो उन्होंने पिछले साल राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में बनाया था। हालांकि वह स्नैच में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर नहीं कर सकीं और स्नैच में उन्होंने 87 किग्रा का वजन उठाया और वह जिहुई से ही इसमें पीछे रहीं।

अंदर विधायक व सड़कों ...

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा के अंदर हम सरकार को खाद की कमी,प्रदेश में अभूतपूर्व बिजली संकट,अमानक बीज, 44 करोड़ किलो गोबर से कितना खाद बना ,यह जनता को जानने का अधिकार है इन मुद्दों को लेकर हम सरकार को घेरेंगे। वहीं सदन से बाहर किसानों के लिए भाजपा के जुझारू कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे।

गोबर और खाद माफिया बन गई है भूपेश सरकार- बृजमोहन

छत्तीसगढ़ के पूर्व कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि किसानों की ओर राज्य सरकार की अनदेखी पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा कि बीते ढाई साल से छत्तीसगढ़ में किसान त्रस्त हैं,लेकिन सरकार अपने में मस्त है। कांग्रेस खुद को किसानों की सरकार बताकर केवल आम जनता से छलावा कर रही है।

बृजमोहन ने कहा कि सरकार अब गोबर और खाद माफिया बन गई है। दो रुपए किलो गोबर खरीदकर उसमें मिट्टी मिलाकर किसान को वर्मी खाद के नाम पर दस रुपए किलो में खरीदने मजबूर किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराई है इसके बावजूद भी अतिरिक्त खाद का दबाव बनाकर राजय सरकार प्रदेश में खाद की कालाबाजारी करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि पिछ्ले साल की बची हुई खाद और इस पूरे मामले में श्वेत पत्र जारी करने में प्रदेश सरकार पीछे हटती नजर आ रही है।

केंद्र को बदनाम करने का पैंतरा

किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने कहा कि केंद्र द्वारा भरपूर मात्रा में खाद देने के बावजूद प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा कृत्रिम कमी पैदा की जा रही है,ताकि केंद्र को बदनाम किया जा सके। उनके इस बात की पोल खुद मंत्री टीएस सिहदेव ने सरगुजा में खाद की सम्पूर्ण मात्रा प्रदाय करने के लिए कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे को धन्यवाद दे कर दिया है।

पुनिया की भाजपा...

पत्र पर नजर डाले उसके बाद कांग्रेस को नसीहत दें। पुनिया की माने तो भाजपा ने 15 सालों में कोई भी वादा पूरा नहीं किया। उसने शासन काल में किसान को काफी दिक्कतें थी। बोनस,समर्थन मूल्य सहित कई मुद्दों पर भाजपा उस समय मौन थी। जबकि कांग्रेस सरकार में अब किसानों को 2500 रुपये धान का समर्थन मूल्य के साथ ही अन्य योजनाओं में भी उन्हें लाभ मिल रही है। पुनिया ने कहा कि खाद की कमी केंद्र सरकार की देन है।

सिलेंडर ब्लास्ट में चार...

ऐसे हुआ हादसा

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि मजदूर और उनके परिवार के सदस्य एक छोटे-से कमरे में सो रहे थे जब एलपीजी सिलेंडर से गैस का रिसाव शुरू हुआ। जब उनके पड़ोसी ने उन्हें जगाने के लिए दरवाजा खटखटाया तो एक मजदूर उठा और उसने बत्ती जलाई। इससे उठी चिंगारी से विस्फोट हो गया। उन्होंने बताया कि 10 घायलों में वह पड़ोसी भी शामिल था जो उन्हें जगाने आया था और सभी को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया।

मरने वालों की पहचान हुई, सभी गुना के रहने वाले

इंस्पेक्टर ने बताया कि मरने वालों की पहचान रामप्यारी अहिरवार (56), राजूभाई अहिरवार (31), सोनू अहिरवार (21), सीमा अहिरवार (25), सरजू अहिरवार (22), वैशाली (7), नितेश (6), पायल (4) और आकाश (2) के रूप में की गई है और ये सभी मध्य प्रदेश में गुना जिले के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि एक घायल व्यक्ति की पहचान कुलसिंह भैरवा (30) के रूप में की गयी है और उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि वह राजस्थान में करौली के कुडगांव का रहने वाला है। जडेजा ने बताया कि मृतकों के शवों को मध्य पदेश में उनके पैतृक गांव में भेजा जा रहा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग

Emailid: durgmc2019@gmail.com Phone :- 0788-2322148

-:: तृतीय निविदा सूचना ::-

क्रमांक/352/लो.क.वि./2021 दिनांक 23.07.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी निर्माता/ अधिकृत विक्रेता से दिनांक 03.08.2021 सायं 4.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है -

निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 28.07.2021

निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 29.07.2021

निविदा खोलने की तिथि - 03.08.2021 सायं 4.30 बजे

कार्य का नाम	लागत
Supply, Installation, Testing & commissioning of automatic lift (stretcher lift/15 pax_G+3 stop_SS_MRL) complete with ARD & all Standard Equipments, accessories and control aquipments as per Standerd specification on Turn key basis. (offline tender)	रु. 19.80 लाख

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in एवं www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर

ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-105, दिनांक 17.7.21

वार्ड का नाम वार्ड- भक्तमाता कर्मा-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा-67 स्थित भवन/भूमि वालफोर्ट सिटी बी 58 खसरा नं. 301/3 जो कि निगम अभिलेख में श्री राजकुमार सिहानी पिता स्व. सुंदरदास सिहानी के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती रश्मि शर्मा पति अजय कुमार शर्मा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर

ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-104, दिनांक 19.7.21

वार्ड का नाम वार्ड- भक्तमाता कर्मा-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा-67 स्थित भवन/भूमि RPR63F-130 चतुर्थ तल डी-402 जो कि निगम अभिलेख में छत्तीसगढ़ प्रोजेक्ट इंडिया प्रा.लि. के नाम से दर्ज है जिसको श्री धनराज गर्ग s/o रामलाल गर्ग ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर

ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-102, दिनांक 19.7.21

वार्ड का नाम वार्ड- पं. दीनदयाल उपाध्याय-41

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय-41 स्थित भवन/भूमि LIG-I-379 जो कि निगम अभिलेख में श्री प्रेमचंद पाण्डे पिता भरतलाल के नाम से दर्ज है जिसको श्री 1. चंचल पाण्डे 2. प्रथम पाण्डे 3. कु. उर्वी पाण्डे तीनों के पिता स्व. प्रेमचंद पाण्डे ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर

ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-103, दिनांक 19.7.21

वार्ड का नाम वार्ड- भक्तमाता कर्मा-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा-67 स्थित भवन/भूमि हाईट प्रेस 01 फ्लोर डी-401 जो कि निगम अभिलेख में श्री शबेश्वर साहू पिता स्व. श्री नकुल साहू के नाम से दर्ज है जिसको श्री सिलवी बंसल पति अकुश बंसल ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र.-102/2021-22

वार्ड का नाम- पं.भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/नया 10 मुखर्जी बाड़ा जो कि निगम अभिलेख में श्री जयंतीलाल खाखरिया पिता प्रेमजी भाई खाखरिया के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सुरेशचंद्र खाखरिया एच.यु.एफ द्वारा श्री सुरेशचंद खाखरिया पिता प्रेमजी भाई ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 121/2021-22

वार्ड का नाम- बाबू जगजीवन राम-53

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम-53 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 53/ शांति रेसीडेन्सी प्लाट नं. 4101 जो कि निगम अभिलेख में श्री वी.के. वर्मा s/o श्री सुखदेव वर्मा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री शतक वर्मा s/o विरेन्द्र कुमार वर्मा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 120/2021-22

वार्ड का नाम- बाबू जगजीवन राम-53

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम-53 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 53/ नया जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती तारा जैन w/o गौतम जैन के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती मधुमिता देव बर्मन w/o श्री मानस देव बर्मन ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र.-100/2021-22

वार्ड का नाम- पं.भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/34/265 कटोरा तालाब जो कि निगम अभिलेख में श्री नारायण दास पिता खानचंद के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती सीमा राजपूत पुत्री नाबा. रिया पुत्री कु. काजल राजपूत पुत्र नाबा. साहिल राजपूत, हेमंत राजपूत एवं श्रीमती रेखा उर्फ भावना संतवानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र.-99/2021-22

वार्ड का नाम- पं.भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/सी-19 शैलेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में साईराम वेंचर्स द्वारा भागीदार श्री किशोर कोटक पिता परमानंद कोटक के नाम से दर्ज है, जिसको मे. साईंराम वेंचर्स भागी. शबाना मेमन पिता इस्माईल मेमन, अफसा मेमन पिता श्री शफीक मेमन ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, बालोद (छ.ग.)

नि.सू.क्र। 07/ले.शा./(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2021 बालोद, दिनांक 19.07.2021

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

एकीकृत एकल पंजीयन के तहत ''द'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ''प्रपत्र-अ'' (प्रतिशत दर) में निम्न विवरण अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण :- बालोद जिले के रोड चौड़ीकरण अंतर्गत क्षतिग्रस्त पाईप लाईन के विस्थापन हेतु ग्राम अरकार, निपानी- मुजगहन, कन्नेवाड़ा-करहीभदर एवं जेवरतला- पिनकापार में यू.पी.व्ही.सी. पाईप लाईन का कार्य तथा काष्ठागार वन परिसर बालोद में जी.आई. पाईप लाईन का कार्य। (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, शेड्यूल अनुसार)

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु खण्ड कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02.08.2021, समय 5.30 बजे तक। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04.08.2021, समय 5.30 बजे तक।

समूह क्रमांक	ग्राम एवं कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
01	02	03
01	वि.खं. गुरूर के ग्राम अरकार में रोड चौड़ीकरण अंतर्गत क्षतिग्रस्त 2160 मी. पाईप लाईन का विस्थापन कार्य।	11.54
02	वि.खं. गुरू के ग्राम निपानी एवं मुजगहन में रोड चौड़ीकरण अंतर्गत क्षतिग्रस्त 1800 एवं 1500 मी. पाईप लाईन का विस्थापन कार्य।	19.44
03	वि.खं. गुरूर के ग्राम कन्नेवाड़ा एवं करहीभदर में रोड चौड़ीकरण अंतर्गत क्षतिग्रस्त 500 एवं 1950 मी. पाईप लाईन का विस्थापन कार्य।	17.21
04	वि.खं. डौ.लोहारा के ग्राम जेवरतला एवं पिनकापार में रोड चौड़ीकरण अंतर्गत क्षतिग्रस्त 3204 एवं 1500 मी. पाईप लाईन का विस्थापन कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	19.24
05	काष्ठागार वन परिसर बालोद में जी.आई. पाईप लाईन का कार्य। (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, शेड्यूल अनुसार)	17.77

टीप :- उपरोक्त कार्यों की निविदा में भाग लेने की पात्रता, सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.स्वा.यां. खण्ड बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

जी-62281/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
बालोद (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

शक्ति धाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा मनाया गया गुरुपूर्णिमा पर्व

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बापुटोला वार्ड न 1 में शक्ति धाम मंदिर में गुरुपूर्णिमा का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में गुरुपूजा के साथ-साथ महा आरती, रामायण व प्रसादी का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर गुरूदेव हरीश यादव, गुरु माता, शंभु वर्मा, दुर्गा यादव, अखिलेश बंजारा, जितेन्द्र साहू, पीलेश्वर, भोज वर्मा, कौशल मनिकापुरी, थानेश साहू, किशन वर्मा, प्रशांत वर्मा, त्रिगुण सादानी, अनूप श्रीवास, नंदु राम साहू, भैरो सिंह यादव, प्रांशु भरतद्वाज, संतोष वर्मा, रूख्म वर्मा, श्री मनिकापुर, दीपक सोनकर, पीतांबर देवांगन, पवन सोनकर, पिंटू निषाद, तिलक, बिट्टू रामटेके, किशन सोनकर, चंद्रेश साहू, अनिल चौहान, श्याम साहू, रवि सोनकर, भरत यादव, विकास राजपूत, निखिल सोनकर, रोम लाल यादव, रवि साहू, भरत यादव, लेख राम साहू, खिलावन सेन, भवानी, रोहित साहू, दीपक ठाकुर, सोनू साहू, सनी साहू, तीरथ यादव, अक्षय देवांगन, रूपेंद्र साहू, पानू साहू, जीतू साहू, आदि बहुत से गुरु भक्त उपस्थित थे।

अवैध शराब बिक्री करते तीन आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जीसी पति के मार्गदर्शन में ठेलकाडीह में नवीन थाना खुलने के बाद अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में मुखबीर सूचना मिलने पर थाना ठेलकाडीह पुलिस द्वारा थाना प्रभारी उप निरीक्षक सतीश पुरिया के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री करने वालों पर रेड कार्यवाही कर 22 जुलाई 2021 को ग्राम बुंदेलीकला तालाब के पास आरोपी किशन सिन्हा पिता जगन सिन्हा उम्र 22 वर्ष निवासी शंकरपुर राजनांदगांव के कब्जे से 17 पौवा देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 3.060 बल्क लीटर व नगदी रकम 250 रूपये जप्त कर व आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 38/2021 धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इसी प्रकार ग्राम महरूम कला में आरोपी शिवनंदन गालब पिता आनंदराम उम्र 49 वर्ष ग्राम महरूमकला थाना ठेलकाडीह के कब्जे से 6 बोतल गोवा स्पेशल एवं 7 पौवा गोल्डन गोवा व्हीस्की शराब कुल मात्रा 5.760 बल्क लीटर व नगदी 500 रूपये तथा आरोपी संतोष कुमार यादव पिता स्व. धनुष यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम महरूमकला थाना ठेलकाडीह के कब्जे से 36 पौवा देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 6.480 बल्क लीटर व नगदी रकम 600 रूपये जप्त कर क्रमशः अपराध क्रमांक 39/2021 व 40/2021 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक रमेश कोरेटी, प्रधान आरक्षक आशीष वर्मा, आरक्षक सुरेन्द्र सिन्हा, बिजेश साहू, अनमोल वैष्णव, महिला आरक्षक सत्यभामा ठाकुर, बृजकुमारी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्कार करने वाला आरोपी फरार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण, अति. पुलिस अधीक्षक मानपुर जयप्रकाश बढई एवं एसडीओपी मानपुर हरिश पाटिल के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी निरीक्षक कार्तिकेश्वर जाँगड़े के नेतृत्व मे प्रार्थी अन्नु राम पिता स्व. छेरकु राम तारम जाति गोड़ उम्र 18 साल साकिन स्कूल पारा वाको थाना खड़गांव जिला राजनांदगांव ने थाना आकर 17.06.2021 को लिखित रिपोर्ट किया है कि घटना दिनांक 16.06.2021 को इसकी नाबालिग बहन (पीड़िता) को शौच के लिए जाना है टार्च दिखाएगी कहकर साथ में ले जाकर घटना स्थल स्कूल के पीछे जंगल मे पीड़िता को नाबालिग जानते हुए बहला फुसलाकर जबरदस्ती पीड़िता के साथ आरोपी कलेश्वर उर्फ कुलेश्वर यादव साकिन कोडेखुर्से जिला कांकेर ने दुष्कर्म किया। आरोपी अपराध घटित करने के बाद फरार हो गया था।

महिलाओं का सम्मान नहीं कर पा रहे कांग्रेस के मंत्री

डी पुरंदेश्वरी पर टिप्पणी अशोभनीय: महिला मोर्चा

बालोद/नवप्रदेश। भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी पर अभद्र टिप्पणी से महिला मोर्चा काफी नाराज है और मंत्री से माफी मांगने की बात कह रहे हैं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष दीपा साहू ने कहा कि यहां पर कांग्रेस के मंत्री सत्ता के नशे में चूर हैं और अपने जुबान पर भी नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं जितनी टिप्पणी हुए 1 महिला के ऊपर करते हैं उतना ही काम वह शायद जनमानस और महिलाओं के लिए करते जो आज छत्तीसगढ़ में महिलाओं की स्थिति बेहतर होती उन्होंने कहा कि मंत्री को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने चाहिए वरना आने वाले दिनों में महिला मोर्चा द्वारा ऐसी घटनाओं पर सड़क पर उतर कर करेगी किया जाएगा छत्तीसगढ़ में महिलाओं की स्थिति काफी बदतर हो चली है और एक सशक्त महिला के खिलाफइस सरकार के मंत्री इस तरह की टिप्पणी करते हैं जो कि बिल्कुल भी अशोभनीय है।

बीते दिनों जिले के पूर्व प्रभारी व कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा ने भाजपा प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी को फूलन देवी के नाम से संबोधित कर टिप्पणी की थी जिसके कारण महिला मोर्चा काफी नाराज़ है महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शीतल नायक ने कहा कि मंत्रियों को 1 महिलाओं का सम्मान करना भी उचित नहीं लगता इसलिए इतने बड़े पद पर बैठी एक महिला जो कि राजनीतिक परिवार से भी ताल्लुक रखती है उनके ऊपर का बयान देना चाहिए इस बात का भी उन्हें ज्ञान नहीं है।

मंत्री को मांगनी होगी माफीः महिला मोर्चा

महिला मोर्चा महामंत्री द्वय लीला लाले शर्मा एवं संगीता चंद्राकर ने कहा कि भाजपा प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी पर अभद्र टिप्पणी गलत है। किसी भी महिला प्रतिनिधि के विषय में टिप्पणी करना कांग्रेस की कुंठित मानसिकता को दर्शाता है। इस प्रकार के शब्द बोलने के लिए मंत्री कवासी लखमा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए। अन्यथा महिला मोर्चा आने वाले दिनों में आर पार की लड़ाई लड़ेगा

डी पुरंदेश्वरी सभ्य राजनीतिक परिवार से, अपमान नहीं सहेंगे

महिला मोर्चा ने एक स्वर में कहा कि कि हम प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी का अपमान सहन नहीं कर सकते। उनकी तुलना फूलन देवी से की गई है। हम फूलन देवी का भी सम्मान करते हैं लेकिन डी पुरंदेश्वरी एक सभ्य राजनीतिक परिवार से आती हैं।

उन्हें उनकी इस तरह से तुलना करने को हम बर्दाश्त नहीं कर सकते कवासी लखमा को माफी मांगने चाहिए विरोध दर्ज कराने वालों में महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंजनी साहू,कुसुम शर्मा उपाध्यक्ष किरण सिन्हा सरोज गंगबेर सुलेखा सोनी मंत्री रश्मि साहू खोमिन साहू सोहद्रा तांडेकर कोषाध्यक्ष भानुमती साहू मीडिया प्रभारी ओमेश्वरी धनकर सोशल मीडिया प्रभारी आरती संचेती कार्यालय प्रभारी नीता साहू सह प्रभारी पूनम साहू मंडल अध्यक्ष उर्मिला साहू, हितेश्वरी कौशिक, सत्या गावरे, चंद्रिका गंजीर, कांति सोनेश्वरी, रुक्मणि सोनकर, रजनी जायसवाल, गीता मरकाम, पायल सोनी सहित समस्त महिला मोर्चा कार्यकर्ता शामिल हैं।

पर्यावरण संरक्षण हेतु संस्कृत साहित्य में राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विगत 22 जुलाई 2021 को शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगाव (छ.ग.) में ऑन लाइन राष्ट्रीय संस्कृत संगोष्ठी का अपरान्ह 3 बजे संस्कृत साहित्य में पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजन किया गया। संगोष्ठी का प्रारंभ कार्यक्रम समन्वयक एवं संयोजन डॉ. सुषमा तिवारी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। संगीत विभाग से श्रीमती रामकुमारी धुर्वा ने सुमधुर ध्वनि से मंगलाचरण किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने कालिदास के साहित्य में विद्यमान पर्यावरणीय तत्वों की महत्ता को बताते हुए कार्यक्रम आयोजन की सफलता की कामना कर बधाई दी। तत्पश्चात डॉ. सुषमा तिवारी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए संस्कृत साहित्य में निहित पर्यावरण संरक्षण के सूत्रों को सप्रमाण स्थापित किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में जुड़े डॉ. भावप्रकाश गाँधी (सरकारी नियमन कॉलेज, गांधी नगर गुजरात) का परिचय एवं वाचिक स्वागत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. दिव्या देशपांडे ने दिया।

डॉ. गांधी ने पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डालते हुए बताया की मनुष्य के अंतर्निहित पर्यावरण के द्वारा ही बाह्य पर्यावरण संरक्षण संभव हैं। तेनत्यक्तेनभुन्जीथाः अर्थात त्याग के द्वारा पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास हैं।

डॉ. सुषमा तिवारी ने लौकिक संस्कृत साहित्य में पर्यावरण विषय के लिए द्वितीय वक्ता डॉ. प्रवीण पंड्या को आमंत्रित किया, जो की राजस्थान के जालोर जिले में प्रधानाचार्य हैं। उन्होंने वाल्मीकि, माघ, भास‌ए कालिदास, भावभूति, भारवी, बानभट्ट आदि प्राचीन संस्कृत कवियों की दृष्टि में पर्यावरण संरक्षण की दिशा मेंकृत वर्णनों का उल्लेख करते हुए प्राचीन संस्कृत साहित्य की भूमिका को उप स्थापित किया।

तृतीय वक्ता संस्कृत विद्वान डॉ. नवनिहाल गौतम, सहायक आचार्य डॉ. हरी सिंह गौर वि.वि. सागर का परिचय, वंवाचिक स्वागत डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, सहायक प्राध्यापक, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर ने किया। डॉ. गौतम ने अपने उद्बोधन में इक्कीसवी शताब्दी में संस्कृत में पर्यावरण विषय में पर्यावरण के वास्तविक स्वरुप को उभारने का प्रयास किया। उन्हों ने बताया कि आज संस्कृत कविगण प्राकृतिक तत्वों को देव-तुल्य एवं पूजन योग्य ही नहीं मानते वरन उनका संरक्षण हेतु प्रयास करते हैं। संगोष्ठी के अंत में प्रश्नोत्तर द्वारा प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान मुख्य वक्ताओं द्वारा किया गया।

सिंगारपुर स्कूल में गोपाल साहू ने बांटी पुस्तकें

भाटापारा/नवप्रदेश। गुरु पुर्णिमा के अवसर पर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंगारपुर में कक्षा नौवीं एवं दसवीं के छात्रों को जन भागीदारी अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू के आतिथ्य में पुस्तकें वितरित किया गया।

उक्त कार्यक्रम पर गांव से सरपंच प्रतिनिधि, उपसरपंच दीनदयाल साहू गणमान्य नागरिक गण, प्राचार्य संजय तिवारी एवं सहायक शिक्षक गण खिलावन साहू, सरिता पात्रे, नीलकमल अग्रवाल, भारती नाग, देब्यानी कटकवार, यूनेश्वररी ध्रुव, अभिलाषा दान, यादराम यादव आदि के उपस्थिति में लगभग 260 विद्यार्थियों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए किताबें वितरित किया गया।

उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डॉ गोपाल प्रसाद साहू ने किया। इस अवसर पर वर्तमान विकट परिस्थिति (कोरोना काल) में स्वाध्याय के साथ तन्मयता से पढ़ने के लिए विद्यार्थियों को अपने संक्षिप्त उद्बोधन में प्रेरित किया तथा आह्वान किया कि आने वाले समय में भी कोरोना की आशंकाओं को देखते हुए विद्यार्थी अधिक मेहनत और लगन से अपना स्वाध्याय के साथ पढ़ाई करें।

ऑनलाइन हिंदी कविता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल मैं ऑनलाइन हिंदी कविता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी कविता प्रतियोगिता कक्षा नरसी से दूसरी व भाषण प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से आठवीं तक के लिए रखी गई थी। हिंदी कविता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आज के परिवेश के बारे में जागरूक करना था।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने आज के प्रदूषित वातावरण में वृक्ष के महत्व को भावपूर्ण कविता के माध्यम से पाठ किया। रिश्तों के महत्व को दर्शाने हेतु नानी मां पर सुंदर काव्य पाठ किया। पशु प्रेम से संबंधित कविता व आज के मौसम के मिजाज को देखते हुए वर्षा ऋतु आदि विषयों पर सुंदर काव्य पाठ विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों के भाषण का विषय था बिना स्कूल मेरा जीवन जिसका प्रमुख उद्देश्य बच्चों के जीवन में विद्यालय के महत्व को समझाना था। जो कि आज ऑनलाइन कक्षा के परिपेक्ष में अत्यंत सारगर्भित तरीके से विद्यार्थियों द्वारा भाषण के रूप में प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने कहा कि विद्यालय में ही विद्यार्थी प्रेम सौहार्द त्याग खेलकूद और अन्य गतिविधियों के माध्यम से अपना सर्वांगीण विकास करते हैं। आज घर में विद्यार्थी कुंठा अकेलेपन और नीरज जीवन की अनुभूति कर रहे हैं। कक्षा छठवीं से आठवीं तक का विषय कोरोना टीका करण का महत्व था। जिसमें विद्यार्थियों ने वर्तमान समय में फैली वायरस का एकमात्र इलाज टीकाकरण ही है के महत्व को बताया। इससे पता चलता है कि टीके के लिए भी बच्चे भी जागरूक हो गए हैं। कोविड-19 की रक्षा एकमात्र टीकाकरण से ही हो सकती है यह संदेश अपने सारगर्भित भाषण के द्वारा जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

सभी विद्यार्थियों की रुचि पूर्ण, भावपूर्ण, तर्कपूर्ण व्यक्तियों को विद्यालय के परिवार ने सराहा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

शिक्षा व पर्यावरण जीवन के लिये अनिवार्य : रूपेश दुबे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गजानन माधव मुक्तिबोध हायर सेकेंडरी स्कूल शंकरपुर स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक जिला कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में 2 अगस्त से प्रारंभ होने वाले शिक्षण कार्य सहित अनेक विषयों पर विचार विमर्श एवं बैठक पश्चात वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता का संकल्प लिया गया। कोरोना संक्रमण काल के चलते गजानन माधव मुक्तिबोध हायर सेकेंडरी स्कूल शंकरपुर की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक शाला विकास समिति के अध्यक्ष रूपेश दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ श्री दुबे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था की प्राचार्य व शिक्षक, शिक्षिकाओं को संक्रमण काल में बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा निरंतर देने के लिए बधाई देते हुए राज्य सरकार द्वारा 2 अगस्त से 11 वीं और 12वीं के बच्चों के 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ स्कूल प्रारंभ करने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्ण सुरक्षा से निर्बाध रूप से अध्यापन कार्य प्रारंभ हो यह हम सब की महती जिम्मेदारी है, क्योंकि शिक्षा व पर्यावरण जीवन के लिए अनिवार्य है और इसके लिए जल्द से जल्द पालक एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की बैठक आहूत कर विस्तृत रूपरेखा तैयार करने सहित स्कूल परिसर देखरेख, आवश्यक मरम्मत कार्य कराने की स्वीकृति दी गई, उसके पश्चात संस्था में पर्यावरण जागरूकता के लिए गठित यूथ एवं इको क्लब के बैनर तले सिंदूर एवं काजू के पौधों का रोपण कर जन जागरूकता लाने का संकल्प लिया गया।

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा अब 31 जुलाई तक आयोजित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदी को लेकर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा अब 31 जुलाई तक मनाया जाएगा। कोविड महामारी की विषम परिस्थितियों में अधिक से अधिक लोगों को परिवार नियोजन का लाभ मिले, इसे देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार की ओर से राज्यों को 31 जुलाई तक उक्त पखवाड़ा मनाने का निर्देश दिया गया है।

इससे पूर्व 11 जुलाई से 24 जुलाई तक परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदी को लेकर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का दूसरा चरण आयोजित किया जाना था। इसके अंतर्गत पंजीकृत इच्छुक लाभार्थियों (महिला-पुरुष) की जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में नसबंदी की सुविधा दी जा रही थी। निर्देश के बाद अब 31 जुलाई तक उक्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजित रखने के अस्थाई साधनों जैसे-कंडोम, माला एन, अंतरा इंजेक्शन और छाया टेबलेट को अपनाने के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।

वर्तमान समय में कोविड महामारी का प्रभाव है, जिसको ध्यान में रखते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए के लिए इस वर्ष जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए कई तरह की गतिविधियां की जा रही हैं। यह आयोजन दो चरणों में संचालित हो रहा है। पहला चरण 27 जून से 10 जुलाई तक दंपत्ति संपर्क पखवाड़े के रूप में मनाया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400301

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री बी.आर. ठाकुर आ. नारायण सिंह ठाकुर निवासी सरोजनी नगर धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1016/20 रकबा 0.016 हें/ 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शारदा देवी शर्मा पिता/पति स्व. लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी ग्राम न्यू खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 11/1 रकबा 0.886 हे. भूमि को दानकर्ता भूपेन्द्र कुमार शर्मा पिता स्व. लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी ग्राम खुर्सीपार भिलाई से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 06.07.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रुबी विश्वास पति स्व. जी.सी. विश्वास निवासी ग्राम मैत्रीनगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 466/6 रकबा 0.010 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जी.सी. विश्वास आ. स्व. ए.के. विश्वास की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नीलकमल दानियल पिता जानकीरन दानियल निवासी ग्राम केलाबाड़ी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/80 रकबा 0.015 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जानकीरन दानियल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विशेष सहारे पिता स्व. देवमन सहारे निवासी ग्राम हुडको तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 89/311, 116/53, 117/47 रकबा 0.018 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार देवमन सहारे आ. स्व. बापूजी सहारे की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्रीमती अर्चना सिंह — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202107100400388

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अर्चना सिंह पति निरंजन सिंह निवासी म.न. 134 रुआबांधा सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	452/19	0.013 हें 1350 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400343

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका खेमू साहू पति तरुण कुमार साहू निवासी रिसाली भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1313 रकबा 0.320 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400347

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री युवराज साहू आ. आर.बी. साहू निवासी धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 565/14 रकबा 0.080 हें/ 1650 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400348

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक उत्तम कुमार सिन्हा आ. सेवकराम सिन्हा निवासी धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 598/8 रकबा 0.017 हें/ 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

अरपा भैंसाझार बैराज से छोड़ा गया पानी : बिलासपुर शहर में अरपा नदी के जल स्तर में होगी वृद्धि

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश के पेंन्ड्रा अमरकंटक क्षेत्र में अधिक वर्षा होने के कारण अरपा भैंसाझार बैराज से आज सुबह 10 बजे 700 क्यूमेक जल छोड़ा गया जो बैराज साइट पर प्रवाह के अनुसार कम या ज्यादा हो सकता है जिससे बिलासपुर शहर में अरपा नदी के जल स्तर में वृद्धि होगी। मुख्य कार्यपालन यंत्री सिंचाई विभाग कोटा द्वारा नदी के आस-पास रहने वाले लोगों को सर्तकता बरतने का अनुरोध किया गया है।

आकाशीय बिजली ने छीना सुहाग तो मिला अनुकम्पा नियुक्ति का सहारा

■ शासन के फैसले से द्रौपदी को मिली सहायक शिक्षक की नौकरी

नवप्रदेश/ संवाददाता

बेमेतरा। राज्य सरकार द्वारा मानवीय सहानुभूति को ध्यान मे रखते हुए अनुकम्पा नियुक्ति मे 10 प्रतिशत के सीमा बन्धन को 31 मई 2021 की स्थिति मे समाप्त कर दिये जाने से प्रदेश के दिवंगत शासकीय कर्मचारियों/ अधिकारियों के स्वजनों को अनुकम्पा नियुक्ति का रास्ता खुल गया है। बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला घोठा मे पदस्थ सहायक शिक्षक स्व. शैलेन्द्र कुमार डाहिरे की 20 मई 2021 को उनके गृह ग्राम चकलाकुण्डा मे आकाशीय बिजली गिरने से असमय मौत हो गई। द्रौपदी नवागढ़ के एक निजी स्कूल मे बतौर शिक्षिका की नौकरी कर रही थी। ऐसे समय मे उनके परिवार के समक्ष भरण-पोषण की समस्या खड़ी हो गई। लगभग 32 वर्षीय शिक्षक स्व. शैलेन्द्र के परिवार मे पत्नी के अलावा एक पुत्री एवं एक पुत्र है। बेटी 5 वर्ष की है एवं बेटा 7 वर्ष का है। सास-ससुर सहित उनका संयुक्त परिवार है। शिक्षक शैलेन्द्र की पत्नी श्रीमती द्रौपदी डाहिरे एक पढ़ी लिखी महिला है।

द्रौपदी डाहिरे ने बीएससी, डीएड. एवं टीईटी परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली है। पति के निधन के लगभग एक माह के बाद 26 जून 2021 को द्रौपदी डाहिरे को सहायक शिक्षक के पद पर शासकीय प्राथमिक शाला मुरकुटा पो.आ. हरदी मे नियुक्ति आदेश मिला है। उन्होने अपनी नौकरी ज्वाईन भी कर ली है। शासन के इस राहत भरे फैसले पर द्रौपदी ने प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पति के न होने से परिवार अधूरापन यद्यपि कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अभिभावक की भूमिका निभाते हुए अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की। द्रौपदी डाहिरे ने कहा कि उसने कभी सोचा नहीं था कि अनुकम्पा नियुक्ति के अनेक लंबित प्रकरणों के बीच उनको नौकरी इतनी जल्दी मिल पाएगी।

छत्तीसगढ़ सहकारिता संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल

■ 5 सूत्रीय माँगो को लेकर हड़ताल जारी

नवप्रदेश/ संवाददाता

पिथौरा। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के सहकारिता कर्मचारी संघ के 2058 सहकारी समिति के लगभग 15000 कर्मचारी व अधिकारी हड़ताल पर पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी है। पिथौरा सहकारी समिति कर्मचारियों ने भी आज से स्थानीय मंडी प्रांगण में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं अनिश्चित कालीन हड़ताल से पूरे प्रदेश के उचित मूल्य के दुकानों पर लगा है ताला ग्रामीण क्षेत्रों में राशन लेनें ग्रामीणों को हो रही हैं बहुत परेशानी। आखिर कब तक होगी इनकी मांगें पूरी। जनता को हो रही है भारी परेशानी । सहकारी समिति का कामकाज पुरी तरह से बंद पड़ा है। संघ की मांग 1. धान परिवहन देरी से होने के कारण धान में आ रही सुखत एवम अतिरिक्त खर्चों की राशि समितियों को वापस दिलाई जाये। 2. प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को सातवें वेतनमान हेतु वेतन अनुदान पंजीयक के पत्र दिनांक 25-09-2018 व दिनांक 02-08-2019 टी एस सिंहदेव स्वास्थ्य एवम पंचायत मंत्री छ्ग के अनुशंसा अनुदान राशि प्रदाय शीघ्र किया जाए। 3. प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को सेवा नियम 2018 के अनुसार प्रबंधक की भर्ती 50 प्रतिशत स्थान पर 100 प्रतिशत समिति के संस्था प्रबंधकों को केडर प्रबंधक पद पर संविलियन करते हुए बैंक के अन्य रिक्त पदों पर समिति के अन्य कर्मचारियों को 100 प्रतिशत संविलियन के माध्यम से किया जाए। योग्यता तथा उम्र बंधन को शिथिल किया जाये तथा प्रदेश के जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में प्लेसमेंट भर्ती पर रोक लगाई जाये। 4. सहकारी समिति सेवा नियम 2018 में आंशिक संशोधन हेतु द्वारा दिनांक 03-10-2019 को प्रेषित भाग पत्र में कार्यालय मुख्यमंत्री निवास दिनांक 11-11-2019 एवम सहकारिता मंत्री के पत्र दिनांक 03-10-2019 पर अनुशंसित टीप को तत्काल लागू किया जाए। 5. खरीफ विपणन वर्ष आगामी 2021-22 की धान खरीदी नीति में आवश्यक बिंदुओं पर विपणन संघ बैंक एवम समिति और संघ के बीच में कमेटी गठित कर धान खरीदी नीति में आवश्यक संशोधन किया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन एवम भूख हड़ताल करने की बात कहे। पिथौरा सहकारी समिति कर्मचारियों के हड़ताल पर बैठे मुकेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष, संरक्षक रामकृष्ण माने, जिला उपाध्यक्ष तुकाराम के साथ अन्य कर्मी मौजूद है

कलेक्टर ने किया मुरता रनबोड़ एवं गिधवा परसदा का दौरा

बेमेतरा। शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का जायजा लेने कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने कल विकासखण्ड नवागढ़ के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने धान उपार्जन के केन्द्र रनबोड़ मे अतिशीघ्र धान उठाव करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात मुरता खाद्य भण्डारण व्यवस्था का जायजा लिये व अधिकारियों को खाद्य के उचित रखरखाव के निर्देश दिए। मुरता सोसायटी के निरीक्षण के दौरान किसानों ने अपने बीच कलेक्टर को पाकर ग्रामीण खुश हुए। इसके बाद जिलाधीश ने गिधवा-परसदा पक्षी विहार का मुआयना कर प्राकृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नवागढ़ विश्वास राव मस्के, जनपद पंचयत सीईओ एनएल, बीईओ लोकनाथ बांधे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

युकां ने केन्द्र सरकार द्वारा जासूसी कराने के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

नवप्रदेश/ संवाददाता

साजा। युवा कांग्रेस के द्वारा नगर में मोदी सरकार के द्वारा जासूसी कराने के खिलाफमें धरना प्रदर्शन किया गया। केंद्र सरकार के द्वारा सेवारत कैबिनेट मंत्रियों, 40 पत्रकारों, विपक्ष के कुछ नेताओं और भारत में अन्य प्रमुख हस्तियों सहित 300 भारतीयों की मोदी सरकार ने जासूसी की। भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकार का उलंघन किया गया है।जिसको लेकर युवा कांग्रेस के द्वारा विश्राम गृह से पैदल चलकर नारेबाजी करते हुये तहसील परिसर पहुचे। जहाँ एसडीएम रश्मी ठाकुर को युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौप कर मोदी सरकार का कड़ा विरोध किया गया।इस धरना प्रदर्शन में अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस साजा अध्यक्ष संतोष वर्मा, बिजेंद्र वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष नपा, राजेन्द्र चौहान जिला महाससिव, इद्रीस मोहम्मद जिला महाससिव युंका, अरुण मानिकपुरी विधानसभा महासचिव, राजा चौबे एनएसयूआइ जिला संयोजक, अंजोर यदु अध्यक्ष विधानसभा एनएसयूआई, आशीष शर्मा ब्लॉक प्रभारी युंका, सागर सिन्हा अध्यक्ष नगर युंका, युंका सदस्य बादल लोधी, अंगेश वर्मा, संग्राम राजपूत, मनीष माली, अमितेश साहू, थानसिंग लोधी, आशीष तिवारी, गोपेश पटेल, जीवेश वर्मा, खिलेश साहू, संजू निर्मलकर, सुरेश यादव, ईश्वर वर्मा, आकश वर्मा, धीरज सिन्हा आदि युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

गरियाबंद एवं बारूला के चिन्हित क्षेत्र माईक्रो कन्टेनमेंट जोन घोषित

गरियाबंद। जिला मुख्यालय गरियाबंद एवं गरियाबंद तहसील अंतर्गत ग्राम बारूला में कोरोना के एक-एक पॉजिटिव मरीज मिलने के पश्चात संबंधित चौहद्दी को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा माइक्रो कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कंटेनमेंट जोन के चिन्हित क्षेत्र अंतर्गत सभी दुकानें एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त तक बंद रहेंगे। प्रभारी अधिकारी द्वारा उक्त घर पंहुच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति उचित दरों पर सुनिश्चित की जायेगी। सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किन्हीं भी कारणों से घर के बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। उक्त पाये गये सभी पॉजिटिव मरीजो के आवास के पूर्व दिशा, पश्चिम, उत्तर एवं दक्षिण दिशा के चिन्हित चौहद्दी को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। आदेश के तहत उक्त क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुरूप व्यवस्था हेतु पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जायेगी।

अभियान | नागरिक घोषणा पत्र का अनुमोदन और स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन पर होगी चर्चा

25 से 31 जुलाई तक विशेष ग्रामसभा का आयोजन

नवप्रदेश/ संवाददाता

गरियाबंद। शासन के दिशा निर्देश के अनुसार जिले में 25 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये है। जिसके तहत मेरी पंचायत मेरा अधिकार-जन सेवाएं हमारे द्वार अभियान अंतर्गत पंचायतों से संबंधित नागरिक घोषणा पत्र तैयार किया जाना है। इस अभियान में तैयार नागरिक घोषणा पत्र को ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाना है। उक्त संबंध में संपादित की जाने वाली गतिविधियों एवं समय-सारणी का उल्लेख किया गया है।

भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत व्यक्तियों को भूमि स्वामी का हक प्रदान किये जाने हेतु स्वामित्व योजना प्रारंभ की गई है। स्वामित्व सर्वे ऑफइण्डिया के द्वारा ड्रोन के माध्यम से आबादी भूमि का सर्वे कर भूमि स्वामी को अधिकार अभिलेख प्रदान किये जाने की योजना है, जिसके लिए राजस्व विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। योजना का क्रियान्वयन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संयुक्त समन्वय से किया जाना है।

स्वामित्व योजना से ग्रामवासियों को होने वाले लाभ

ग्रामीण सम्पत्तियों का अधिकार अभिलेख निर्माण, प्रत्येक सम्पत्तिधारक को उसके सम्पत्ति का स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, सम्पत्तियों पर बैंक से ऋण लेना आसान होगा, सम्पत्तियों के पारिवारिक विभाजन, सम्पत्ति हस्तांतरण की प्रकिया सुगम, पारिवारिक सम्पत्ति के विवाद में कमी आयेगी।

स्वामित्व योजना से ग्राम पंचायत को होने वाले लाभ

सम्पत्ति शुल्क के रूप में पंचायत को स्थानीय आय का साधन प्राप्त होगा, पंचायत स्तर पर ग्राम विकास की योजना बनाने में सुविधा, शासकीय एवं सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा एवं रख-रखाव आसान, सम्पत्ति के नामांतरण एवं बंटवारा का प्रत्यक्ष अधिकार, तत्संबंध में ग्राम पंचायतों में दिनांक 25 जुलाई से 31 जुलाई 2021 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाकर स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा एवं नागरिक घोषणा पत्र का अनुमोदन बाबत अपने स्तर से निर्देश प्रसारित करने कहा है। कोविड-19 हेतु केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं स्थानीय स्तर पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए ग्राम सभा सम्मिलन का आयोजन सुचारू रूप सम्पन्न बराकर आयोजित ग्राम सभा में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन जिला पंचायत कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

मैनपुरकला के तत्कालीन सचिव डोमेश्वरी महिलांगे के विरूद्ध कार्यवाही

गरियाबंद। जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल ने जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मैनपुरकला में पदस्थ तत्कालीन सचिव श्रीमती डोमेश्वरी महिलांगे के विरूद्ध विभागीय जांच की कार्यवाही गई है। विभागीय जांच प्रतिवेदन अनुसार श्रीमती डोमेश्वरी महिलांगे द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का संपादन समयावधि में नहीं किया गया है। सचिव के द्वारा 10 लाख 63 हजार रुपए के 16 कार्यों की राशि का आहरण किया जाकर कार्य नहीं कराया गया। इनके द्वारा 13 वें वित्त एवं 14 वें वित्त योजना के कार्यों के दस्तावेज संधारण नहीं किया जाना पाया गया। श्रीमती डोमेश्वरी महिलांगे ग्राम पंचायत सचिव का 02 वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने हेतु आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा जारी किया गया है इसके साथ ही छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (लेखा) नियम 1999 में निहित प्रावधानों के अनुरूप छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत अनियमितता की गई राशि 10 लाख 63 हजार रूपये की वसूली संबंधित सरपंच/सचिव से किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मैनपुर को निर्देशित किया गया है। यह जानकारी उप संचालक पंचायत ने दी है।

भोरमदेव वन्यप्राणी अभयारण्य कवर्धा को Live wire detector प्रदान किया गया

कवर्धा। भोरमदेव वन्यप्राणी अभयारण्य कवर्धा को Live wire detector प्रदान किया गया । गौरतलब है कि वनमंत्री मोहम्मद अकबर के समक्ष एलडब्ल्यूडी के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मंत्री के आदेश से एलडब्ल्यूडी को कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, एसपी मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत विजय दयाराम एवं डीईओ दिलराज प्रभाकर के हाथों सौपा गया। यह एक डिवाइस है जिसे Live wire detector नाम दिया गया है।ज्ञात हो की आजकल वन्यप्राणियों का ज्यादातर शिकार करेंट के द्वारा किया जा रहा है। जिसे जंगल पगडंडियों या वन्यप्राणियों के आने जाने वाले रास्तों पर शिकारियों द्वारा जीआई तार में करेंट लगाकार फैला देते है । जिससे उस रास्ते से गुजरने वाले वन्यप्राणी या मनुष्य करेंट की चपेट में आकर मर जाता या घायल हो जाता । इस करेंट वाले तार को डिटेक्ट करने के लिए ये डिवाइस तैयार किया गया है। डिवाइस को गस्ती करने वाले वन स्टॉफइसे लेकर जंगल मे गस्त करेंगे। यदि गस्ती के दौरान कहीं पर करेंट वाली तार फैली है तो ये डिवाइस 5 मीटर पहले ही बीप की आवाज करके अलर्ट कर देगा । जिससे वन्य प्राणी सहित मानव को भी इस करेंट से बचाया जा सकता है, वन्यप्राणियों के करेंट से शिकार के बचाव हेतु एक विशेष डिवाइस तैयार किया है जिसे भोरमदेव वन्यप्राणी अभयारण्य के लिए WWF India के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी उपेंद्र दुबे द्वारा Life wire detector दिया गया।

महिलाओं का अपमान व उपहास करना कांग्रेस की पुरानी परंपरा : मधु तिवारी

कवर्धा । छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री कवासी लखमा द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा की प्रभारी दग्गुबती पुरंदेश्वरी के खिलाफ दिए अपमानजनक बयान को लेकर भाजपा महिला मोर्चा कबीरधाम द्वारा द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया दिखाते हुए बयान जारी किया गया है। भाजपा महिला मोर्चा जिला कबीरधाम की जिला अध्यक्ष मधु तिवारी ने बताया कि महिलाओं का अपमान व उनका उपहास करना कांग्रेस की परंपरा रही है। उन्होंने बताया कि जहां एक ओर भाजपा सरकार महिलाओं की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा करते हुए उन्हें केंद्र में मंत्री व प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे रही हैं वहीं कांग्रेस के मंत्री महिलाओं को अपमानित कर रहे हैं। भाजपा की वरिष्ठ महिला नेत्री पर छत्तीसगढ़ के मंत्री द्वारा उन्हें फूलन देवी कहकर संबोधित करना महिलाओं के प्रति कांग्रेस व कांग्रेस के नेताओं की ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। मधु तिवारी ने आगे बताया कि एक ओर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार महिलाओं के हित के लिए बड़ी बड़ी बातें कर रही है तो वहीं दूसरी ओर एक महिला के खिलाफराज्य के मंत्री द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी अशोभनीय है जिसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। मधु तिवारी ने कहा कि आज प्रदेश के हर जिले में महिलाओं के साथ अनाचार, बलात्कार, व मानसिक प्रताड़ना दिनों-दिन बढ़ते जा रहे हैं। लेकिन राज्य सरकार द्वारा इसके खिलाफ कोई ठोस कदम नही उठाये जा रहे अपितु प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा मीडिया के सामने एक प्रतिष्ठित व राष्ट्रीय पार्टी की महिला नेत्री के खिलाफ अपमानजनक बयान दे रहें हैं यह शर्मनाक है। यदि आबकारी मन्त्री द्वारा भाजपा छत्तीसगढ़ की प्रदेश प्रभारी दग्गुबती पुरंदेश्वरी से माफी नही मांगते हैं तो भाजपा महिला मोर्चा जिला कबीरधाम इसका पुरजोर विरोध करेंगे।